WWW.NAVPRADESH.COM

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 5 | आस-पास 7 | खेल/ बिजनेस

RNI NO - MPHIN/2017 /72749 भोपाल, शनिवार 13 दिसंबर 2025 , कृष्ण पक्ष नवमी , विक्रम संवत -2082 , वर्ष -9 अंक -208 पृष्ठ -08 मूल्य-4 भोपाल, जबलपुर, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

प्रदेश में दो साल में हुआ अकल्पनीय विकास : सीएम यादव

मध्यप्रदेश हुआ नक्सल मुक्त

हम वेस्ट को वैल्यू में बदल रहे हैं, मध्यप्रदेश में कचरे और पराली से हो रहा है ऊर्जा उत्पादन

मुख्यमंत्री ने सरकार की उपलब्धियों की जानकारी वाली पुस्तकों का किया विमोचन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया प्रतिनिधियों को दी सरकार की दो साल की उपलब्धियों की जानकारी

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में हुए विकास कार्यों की जनता साक्षी है। मात्र दो वर्ष के अल्प कार्यकाल में राज्य सरकार ने प्रदेश के विकास का परिदृश्य बदल दिया है। इन दो सालों में प्रदेश में हुआ विकास अद्भुत है, अकल्पनीय है। दो साल में ही मध्यप्रदेश दशकों से चली आ रही नक्सलवाद की समस्या से पूरी तरह मुक्त हो गया है। इससे प्रदेश के विकास की एक बड़ी बाधा दूर हो गई है। नक्सलवादियों के एमएमसी जोन (महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़) 42 दिन में 42 नक्सलवादियों ने

समर्पण कर विकास की धारा से जुड़कर जीवन को चुना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाल सलाम के खात्मे के लिए हमारे बहादुर पुलिस अधिकारियों ने जो प्रतिबद्धता दिखाई है, वह निस्संदेह अद्भुत है। उन्होंने स्वयं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में ड्यूटी मांगी और अपना टारगेट तय कर उसे अचीव भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने सभी क्षेत्रों में कार्य करने का प्रयास किया। सभी विभागों के दो साल के कार्यों की समीक्षा और आगामी 3 साल के टारगेट पर चर्चा की गई है। सभी मंत्रियों ने अपने विभाग के प्रेजेंटेशन दिए हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में विकास और सेवा का संकल्प लिए हम आगे बढ़ रहे हैं। दुनिया में वर्तमान वैश्विक परिस्थितियां और अवसर भी हमारे लिए अनुकूल होते जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में विकास और सेवा के दो साल (सरकार की उपलब्धियां) पर केन्द्रित प्रेस वार्ता में मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। केन-बेतवा, पीकेसी के बाद ताप्ती मेगा ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज परियोजना की ओर हम तेजी से बढ़ रहे हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेवाक

पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसीन नकवी इंग्लैंड गये तो उनकी कार की ऐसी तलाशी ली गई मानों लंदन में कोई आतंकवादी घुस आया हो पाकिस्तान की ऐसी घोर बेइज्जती होना यह साबित करता है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस आतंकिस्तान की साख फूटी कौड़ी की भी नहीं रह गई है। यह वही चोट्टा मोहसीन नकवी है जो भारत द्वारा जीते गये एशिया क्रिकेट कप को ले भागा था। वैसे पाकिस्तान की सेहत पर इस तरह की बेइज्जती का कोई असर नहीं पड़ता है। ये बेशर्मी से कहते हैं कि अब बेइज्जती की तो की अब करके देख।

नहीं रहे शिवराज पाटिल, लातूर में ली अंतिम सांस



मुंबई (वार्ता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का लंबी बीमारी के बाद शुक्रवार को महाराष्ट्र के लातूर में निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार पाटिल ने आज सुबह लगभग 6:30 बजे लातूर स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। वह लंबे समय से बीमार थे और लातूर में ही उनका इलाज चल रहा था। श्री पाटिल ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में केंद्रीय गृहमंत्री और रक्षा मंत्री सहित कई अन्य महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। वह लोकसभा अध्यक्ष भी रहे।

भिलाई स्टील प्लांट में लगी आग

भिलाई /नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र के पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन नंबर-2 में शुक्रवार को अचानक आग लग गई। आईसीएल के सामने पीबीएस-2 के पाइपलाइन से गैस का रिसाव शुरू हो गया और कुछ ही सेकंड में गैस आग की लपटों में बदल गई।। बीएसपी के दमकल कर्मियों ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए आग पर काबू पाने का कार्य शुरू कर दिया है।

कोकोवन से जुड़ा ब्लोइंग स्टेशन : बताया जा रहा है कि यह ब्लोइंग स्टेशन कोकोवन से जुड़ा हुआ है और यहां से मिलने वाली ब्लोइंग गैस से अन्य विभागों की मशीनें संचालित होती हैं. गैस लीकेज के कारण संयंत्र में कई यूनिटों पर असर पडने की आशंका बनी रही, हालांकि स्थिति को नियंत्रण में लाने की कोशिशें जारी हैं। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. संयंत्र प्रबंधन ने गैस रिसाव के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

कफ सिरप की तस्करी, प्रवर्तन निदेशालय की कई शहरों में छापेमारी

लखनऊ (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में कोडीन आधारित कफ सिरप की अवैध तस्करी पर प्रहार करते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को छह शहरों में एक साथ छापेमारी की कार्रवाई शुरू की। मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत की गई इस कार्रवाई में एजेंसी ने कुल 25 ठिकानों पर तलाशी ली और कई अहम दस्तावेज जब्त किए। सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार तड़के ईडी की टीमें लखनऊ, वाराणसी, रांची, अहमदाबाद, जौनपुर और सहारनपुर में सक्रिय हुईं। लखनऊ में एजेंसी ने इस सिंडिकेट से जुड़े माने जा रहे निलंबित एसटीएफ कांस्टेबल आलोक प्रताप सिंह के आलीशान आवास पर लंबी तलाशी ली। सुशांत गोल्फ सिटी स्थित घर से अधिकारी कई संदिग्ध दस्तावेज, बैंक लेनदेन रिकॉर्ड, डिजिटल डिवाइस और कथित हवाला कनेक्शन से जुड़े कागजात अपने कब्जे में ले गए।

गरमा-गरम

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सदन में उठाया डिजिटल अरेस्ट का मुद्दा

डिजिटल अरेस्ट से 3000 करोड़ की ठगी

छत्तीसगढ़ में 32 करोड़ ठगे, सांसद बृजमोहन बोले- बड़ी ट्रांजैक्शन पर 24 घंटे होल्ड हो पैसा

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में सरकार का ध्यान साइबर ठगी के ट्रेंड डिजिटल अरेस्ट की ओर खींचा। सांसद अग्रवाल ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट के नाम पर लोगों की पूरी जीवनभर की कमाई कुछ ही मिनटों में उड़ा दी जा रही है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन लुटेरे अब पुलिस अफसर बनकर वीडियो कॉल करते हैं, वर्दी में दिखाई देते हैं और फर्जी कार्रवाई का भय दिखाकर पीड़ितों से पैसे ट्रांसफर करा लेते हैं। सांसद अग्रवाल ने सदन में कहा कि डिजिटल अरेस्ट के इस गिरोह की चपेट में सबसे ज्यादा बुजुर्ग, अकेले रहने वाले लोग और तकनीक से अनभिज्ञ वर्ग आ रहा है। ऐसे पीड़ितों से लुटेरे उनकी बचत, रिटायरमेंट फंड और फिक्स्ड डिपॉजिट तक एक झटके में निकलवा लेते हैं।

यदि किसी बैंक खाते से बड़ी रकम ट्रांसफर होती है तो उसकी 50' राशि को कम से कम 24 घंटे के लिए होल्ड कर दिया जाए। उनके अनुसार, यह सुरक्षा-व्यवस्था ऑनलाइन लूट को काफी हद तक रोक सकती है और पीड़ितों को पैसा बचाने के लिए समय मिल सकता है। -जिस तेजी से डिजिटल फ्रॉड का दायरा बढ़ रहा है, सरकार को भी उसी रफ्तार से तकनीकी सुरक्षा बढ़ानी होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ऑनलाइन ठगी के 40 से ज्यादा मामले

छत्तीसगढ़ मे पिछले 3 सालो के दौरान डिजिटल अरेस्ट की आड़ मे ऑनलाइन ठगी के 40 से ज्यादा गंभीर मामले उजागर हुए है, जिनमे लगभग 32 करोड़ रुपए की फर्जीवाड़े की पुष्टि हो चुकी है। इसके अलावा कुछ घटनाएं ऐसी भी सामने आई है, जिन पर औपचारिक अपराध दर्ज नहीं हुआ है। लेकिन शिकायतो के आधार पर जांच जारी है। रायपुर, बिलासपुर, भिलाई और राजनांदगांव जैसे बड़े शहरो मे बड़ी तादाद मे लोग साइबर ठगो का शिकार बने है।

जीरो टॉलरेंस नीति बनाने की मांग

सांसद अग्रवाल ने साइबर ठगों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति बनाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में पिछले 3 सालों में डिजिटल अरेस्ट की आड़ में ऑनलाइन ठगी के 40 से ज्यादा मामले सामने आए हैं। इन केसों में करीब 32 करोड़ की ठगी हुई है। साथ ही उन्होंने लोगों को साइबर ठगी से बचाने कुछ महत्वपूर्ण भी सुझाव भी दिए।

3,000 करोड़ से ज्यादा की ठगी

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि सुप्रीम कोर्ट भी डिजिटल अरेस्ट को उभरती हुई गंभीर चुनौती मान चुका है। उन्होंने बताया कि सिर्फ भारत में सीनियर सिटीजंस समेत हजारो पीड़ित अब तक 3,000 करोड़ से ज्यादा गंवा चुके है।

राज्यसभा में बोले कृषि मंत्री- किसानों के आत्महत्या के आंकड़े बताना अमानवीय

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को राज्यसभा में किसानों की आत्महत्या के आंकड़े साझा करने से इनकार करते हुए कहा कि यह अमानवीय होगा। पंजाब से आम आदमी पार्टी के संत बलबीर सिंह ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न में पूछा था कि पिछले 15 साल में देश में कितने किसानों ने आत्महत्या की है। उन्होंने उसका राज्यवार विवरण भी मांगा था। इसके जवाब में मंत्री ने कहा कि एक भी आत्महत्या दुर्भाग्यपूर्ण है। विभिन्न परिस्थितियों के कारण कई बार अलग-अलग पेशों में काम करने वाले आत्महत्या करते हैं।

किसानों की आय बढ़ाने हर संभव प्रयास: उन्होंने कहा, किसानों की आय बढ़ाने के लिए हम हरसंभव प्रयत्न कर रहे हैं। मैं आत्महत्या के आंकड़ों में नहीं जाना चाहता। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इंडिगो पर एक्शन, 4 फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर सस्पेंड

■ डीजीसीए की एयरलाइन सीईओ से दूसरे दिन पूछताछ

नई दिल्ली/वार्ता। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो में फ्लाइट कैंसिल को लेकर जारी संकट के बीच लगातार एक्शन हो रहा है। डीजीसीए ने शुक्रवार को एयरलाइन की सुरक्षा और ऑपरेशनल नियमों की गड़बड़ी के लिए जिम्मेदार 4 फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया है। इधर इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स आज लगातार दूसरे दिन डीजीसीए के सामने पेश होंगे। इससे पहले गुरुवार को पीटर से अधिकारियों ने करीब 2 घंटे की पूछताछ की थी। इसमें ऑपरेशंस, क्रू मैनेजमेंट, रिफंड, मुआवजे से जुड़े सवाल-जवाब किए गए।

वहीं बेंगलुरु एयरपोर्ट से शुक्रवार को इंडिगो की 54 फ्लाइट कैंसिल हुई हैं। इनमें 31 आने वाली (अराइवल) और 23 जाने वाली (डिपार्चर) फ्लाइट शामिल हैं। इससे पहले गुरुवार को दिल्ली और बेंगलुरु एयरपोर्ट पर 200 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुई थीं।

गोपीनाथ बोले- इंडिगो संकट ओवरकॉन्फिडेंस का नतीजा : इस बीच, देश में कम किराए वाली विमान सेवा शुरू करने वाले कैप्टन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सरकार के इंडिगो पर तीन एक्शन

- फ्लाइट में 10 प्रतिशत कटौती, रोज 200-200 उड़ानें कम।
- 4 फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर सस्पेंड, सुरक्षा नियमों के उल्लघन का आरोप
- इंडिगो के स्लॉट, दूसरी एयरलाइंस को ट्रांसफर।

एनडीए की बैठक में बोले मोदी आप बस काम करें, ये मजदूर पीछे खड़ा है

नई दिल्ली (आईएएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार शाम एनडीए सांसदों की अहम बैठक संपन्न हुई। सूत्रों के अनुसार, माहौल बेहद सकारात्मक और उत्साहपूर्ण रहा। बैठक में सांसदों को आगामी महीनों में जनसंपर्क, डिजिटल पहुंच और विकास कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांसदों को सलाह दी कि वे अपने क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से जनता के बीच अधिक स्पष्टता और पारदर्शिता से प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार जनहित के लिए काम कर रही है, लेकिन उसकी उपलब्धियां कई बार लोगों तक सही रूप में पहुंच नहीं पातीं। इसलिए जनसंपर्क को और मजबूत करना आवश्यक है। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया को प्रभावी माध्यम बताते हुए सांसदों को इस प्लेटफॉर्म पर और अधिक सक्रिय रहने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि जनता विकास कार्यों को प्रत्यक्ष अनुभव कर सके, इसके लिए सांसदों को डिजिटल अभियान बढ़ाने और स्थानीय स्तर पर मजबूत संवाद स्थापित करने की जरूरत है। बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस चुनाव नजदीक आते ही वादों की झड़ी लगा देती है और काम करने का दिखावा करती है, जबकि एनडीए सरकार निरंतर काम में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की योजनाएं जनता के जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला रही हैं, परंतु इन उपलब्धियों का व्यापक प्रचार अभी अपेक्षित स्तर पर नहीं हो पाता। प्रधानमंत्री ने सांसदों को आश्वस्त करते हुए कहा, 'ये मजदूर आपके पीछे खड़ा है, आप बस काम करिए। उनके इस बयान को सांसदों ने उत्साहवर्धक बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पोस्ट में बताया कि उन्होंने 7, लोक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बिलासपुर रेल हादसा

डीआरएम सहित दो बड़े अफसरों का तबादला

बिलासपुर /नवप्रदेश । बिलासपुर रेल हादसे में रेलवे बोर्ड ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिलासपुर डीआरएम सहित 2 बड़े अफसरों का तबादला किया है. यह कार्रवाई कमीशन ऑफ रेलवे सेफ्टी की प्राथमिक रिपोर्ट के बाद की गई है। 4 नवंबर को बिलासपुर के समीप लाल खदान में खड़ी मालगाड़ी से मेमू लोकल जा टकराई थी। हादसे में लोको पायलट विद्यासागर समेत 11 लोगों की मौत हो गई थी. बताया जा रहा है कि हादसे के बाद रेलवे बोर्ड द्वारा गठित सीआरएस की रिपोर्ट में ट्रेन संचालन में खामी को दुर्घटना की मुख्य वजह माना गया है। रिपोर्ट के आने के बाद रेलवे बोर्ड ने कार्रवाई करते हुए एक दिन पहले देर शाम बिलासपुर डीआरएम राजमल खोईवाल के स्थान पर वेस्टर्न रेलवे से उमेश कुमार को नियुक्त किया है। वहीं प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता राजीव कुमार बर्नवाल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वायु प्रदूषण: यह विचारधारा का मुद्दा नहीं, सदन में चर्चा हो - राहुल गांधी

नई दिल्ली (आईएएनएस)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को सदन में वायु प्रदूषण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण के कारण बच्चों को नुकसान हो रहा है और लोगों में कैंसर जैसी बीमारी फैल रही है। राहुल गांधी ने मांग उठाई कि सदन में प्रदूषण के मुद्दे पर चर्चा होनी चाहिए।

राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा, हमारे ज्यादातर बड़े शहरों में लोग जहरीली हवा की चादर में जी रहे हैं। लाखों बच्चों को फेफड़ों की बीमारियां हो रही हैं, उनका भविष्य बर्बाद हो रहा है और लोगों को कैंसर हो रहा है। बुजुर्गों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है।

उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण मुद्दा है और इस पर सरकार और हमारे बीच जरूर पूरी सहमति बनेगी। राहुल गांधी ने कहा, यह कोई सोच का मुद्दा नहीं है। सदन में हर कोई इस बात से सहमत है कि वायु प्रदूषण और इससे हमारे लोगों को जो नुकसान हो रहा है, ऐसी चीज पर हमें मिलकर काम करना चाहिए। कांग्रेस सांसद ने यह भी कहा कि सरकार शहरों में वायु प्रदूषण से छुटकारा पाने के लिए एक प्लान बनाए। विपक्ष को भी ऐसा प्लान बनाने में सरकार के साथ मिलकर काम करने में खुशी होगी। उन्होंने कहा, इस मुद्दे पर, हम देश को दिखा सकते हैं कि हम किसी जरूरी चीज पर मिलकर काम कर सकते हैं। हमें इस पर संसद में विस्तार से चर्चा करनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी को हर शहर के लिए एक मेथड वाला, सिस्टमैटिक प्लान बनाना चाहिए, जो अगले 5 या 10 सालों में हमारे लोगों की जिंदगी आसान बना सके। इसके बाद, राहुल गांधी ने संसद परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, मैंने दिल्ली ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जनगणना बजट | जनगणना 2027 में दो चरणों में आयोजित की जाएगी

2027 जनगणना: कैबिनेट ने दी 11718 करोड़ की मंजूरी

नई दिल्ली(वार्ता)। कैबिनेट ने शुक्रवार को तीन महत्वपूर्ण फैसलों का मंजूरी दी। कैबिनेट ने जनगणना के लिए 11,718 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कोयला लिंकेज नीति में सुधार के लिए कोलसेटू नीति को भी मंजूरी दी है। सरकार ने खोपरा 2025 सीजन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को भी नीतिगत मंजूरी दे दी है।

जनगणना 2027 के बारे में केंद्रीय मंत्री ने क्या बताया?9

कैबिनेट की बैठक के बाद केंद्रीय

मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जनगणना 2027 की जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि विश्व का सबसे बड़ा प्रशासनिक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दो चरणों में होगी जनगणना

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि जनगणना की संदर्भ तिथि 1 मार्च 2027 को 00:00 बजे होगी। बर्फ से ढके क्षेत्रों के लिए यह तिथि 1 अक्तूबर 2026 को 00:00 बजे होगी। वैष्णव ने कहा, जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण और आवास जनगणना होगी। इसे अप्रैल से सितंबर 2026 तक अंजाम दिया जाएगा। दूसरे चरण में जनसंख्या की गिनती होगी। यह फरवरी 2027 से शुरू होगी। बर्फ से ढके क्षेत्रों में सितंबर 2026 से शुरू होगी।

कोयले से जुड़ी सुधार नीति को कैबिनेट की मंजूरी

केंद्रीय कैबिनेट ने 'कोयला लिंकेज नीति में सुधार: कोलएसईटीयू को भी नीतिगत मंजूरी दी है। वैष्णव ने कहा, भारत कोयले के मामले में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। 2020 में कोयले का वाणिज्यिक खनन शुरू हुआ, जिससे घरेलू कोयले की उपलब्धता में उल्लेखनीय सुधार हुआ। भारत ने 2024-25 में पहली बार एक वर्ष में 1 अरब टन कोयले के उत्पादन का आंकड़ा पार किया। 2024-25 में कुल उत्पादन 1.048 अरब टन रहा। खपत के प्रतिशत के रूप में आयात लगातार घट रहा है। 2024-25 में आयात में 7.9 प्रतिशत की कमी आई, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 60,700 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत हुई।' रेल-कोयला साझेदारी के बारे में बताते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष रेलवे के जरिए 823 मिलियन टन कोयले का परिवहन किया गया। घरेलू बिजली संयंत्रों में कोयले का भंडार रिकॉर्ड उच्च स्तर पर है।

■ न्यूज गैलरी

हैरीटेज, जंगल सफारी व वाटर स्पोर्ट्स टूरिज्म को शामिल कर बनेगा ग्वालियर का पर्यटन मास्टर प्लान

कलेक्टर ने बैठक लेकर विभागीय अधिकारियों को मास्टर प्लान में सहयोग करने के दिए निर्देश

ग्वालियर/नवप्रदेश। ग्वालियर जिले का विस्तृत पर्यटन मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। इस सिलसिले में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर मास्टर प्लान में सहयोग करने के निर्देश दिए। मास्टर प्लान तैयार करने के लिये शासन द्वारा आईपीई ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को कंसलटेंट नियुक्त किया गया है। हैरीटेज, वाइल्ड लाइफ व जंगल सफारी एवं वाटर स्पोर्ट्स टूरिज्म को शामिल कर ग्वालियर का पर्यटन मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में जानकारी दी गई कि तिघरा क्षेत्र में वाटर टूरिज्म, जिले में स्थित सेंचुरी क्षेत्र में जंगल सफारी व वाइल्ड लाइफ टूरिज्म व ग्वालियर शहर में हैरीटेज आधारित टूरिज्म को बढ़ावा दिया जायेगा। तिघरा क्षेत्र में टूरिज्म के लिये लगभग 200 हैक्टेयर जमीन चिन्हित की गई है। शहर में स्थित बारादरी, बैजाताल व महाराज बाड़ा को भी पर्यटन मास्टर प्लान में शामिल किया जायेगा। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने संगीत सम्राट तानसेन की जन्मस्थली बेहट, भदावना एवं मिट्टी से निर्मित एशिया के सबसे बड़े बांध हरसी को रूरल टूरिज्म को जिले के पर्यटन मास्टर प्लान में स्थान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपने आप में ऐतिहासिक विरासत समेटे हुए इन क्षेत्रों में पर्यटन की अपार संभावनायें हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन मास्टर प्लान को इस प्रकार से अंतिम रूप दें, जिससे आगरा ङ्क ग्वालियर ङ्क ओरछा टूरिस्ट सर्किट के भ्रमण पर आने वाले पर्यटक ग्वालियर में रात्रि विश्राम करने के लिये आकर्षित करें। इसके लिये पर्यटकों के लिये आवश्यक सुविधायें जुटाने के साथ-साथ शहर के पर्यटन स्थलों में नए आकर्षण विकसित किए जाएं। साथ ही कहा कि जिले के मास्टर प्लान में समीपवर्ती मुरैना जिले में स्थित ककनमठ, बटेश्वर मंदिर श्रृंखला, पड़ावली व मितावली से ग्वालियर को जोड़ते हुए टूरिस्ट सर्किट का प्रावधान करें। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सोजान सिंह रावत, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, अपर कलेक्टर श्री कुमार सत्यम व वन मण्डलाधिकारी श्री अंकित पाण्डेय सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कंसलटेंट कंपनी, आईपीई ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि मौजूद थे।

दिल्ली में महक उठा मध्य प्रदेश, गुना के गुलाब, कुंभराज धनिया और थाई पिंक अमरूद ने बटोरी सबकी प्रशंसा

गुना/नवप्रदेश। नई दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन में 12 से 14 दिसंबर तक आयोजित ÷मध्य प्रदेश उत्सवः 2025÷ के प्रथम दिन उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग, मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी में आगंतुकों एवं अतिथियों की उत्साहवर्धक सहभागिता रही। प्रदर्शनी में ODOP, GI एवं विशिष्ट उत्पादों को प्रदर्शित किया जा रहा है, जिसमें गुना के पॉलीहाउस गुलाब, कुंभराज धनिया और थाई पिंक अमरूद आकर्षण का मुख्य केंद्र बने हुए हैं।

प्रदर्शनी का अवलोकन करने हेतु उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में प्रथम दिन मध्य प्रदेश भवन की आयुक्त, नर्मदापुरम-होशंगाबाद लोकसभा से सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी, जबलपुर लोकसभा से सांसद श्री आशीष दुबे तथा बालाघाट-सिवनी लोकसभा से सांसद श्रीमती भारती पारधी आदि शामिल रहे। सभी अतिथियों ने स्टालों का निरीक्षण कर उत्पादों की गुणवत्ता, सुगंध और विविधता की प्रशंसा की।

इस प्रदर्शनी हेतु विभाग की ओर से उप संचालक उद्यान, जिला गुना श्री केपीएस किरार को नामांकित किया गया है। उन्होंने कहा कि÷गुना जिले के विशिष्ट कृषि एवं उद्यानिकी उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करना हमारे किसानों के लिए गर्व की बात है। इस प्रदर्शनी से उन्हें विपणन और ब्रांडिंग के नए अवसर मिलेंगे।प्रदर्शनी में उद्यानिकी विभाग भोपाल से अपर संचालक डॉ. के.एस. किराड़ भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहाकि ÷मध्य प्रदेश विविध कृषि व उद्यानिकी उत्पादों का समृद्ध राज्य है। ODOP और GI उत्पादों की यह राष्ट्रीय प्रस्तुति किसानों को बेहतर पहचान और बाजार अवसर प्रदान करेगी।÷

गुना के साथ-साथ प्रदेश के अन्य GI, विशिष्ट एवं ODOP उत्पाद–जैसे आगर मालवा का संतरा, नरसिंहपुर का गुड़, धार की ब्लूबेरी, रियावन लहसुन, इंदौर का मालवी गराडू, खरगोन की लाल मिर्च, सिवनी का सीताफल आदि भी प्रदर्शनी का हिस्सा हैं। प्रदर्शनी में इन उत्पादों की विविधता ने आगंतुकों को मध्य प्रदेश की कृषि-उद्यानिकी समृद्धि का उत्कृष्ट परिचय कराया।

बच्चों का भविष्य सुरक्षित करने कलेक्टर कन्याल की पहल

भिक्षावृत्ति पर सख्त कार्रवाई के आदेश

गुना/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग तथा आदिम जाति कल्याण विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य बच्चों से कराई जा रही भिक्षावृत्ति पर रोक लगाने संबंधी प्रभावी रणनीति तैयार करना था।बैठक में अपर कलेक्टर श्री अखिलेश जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मानसिंह ठाकुर,श्रम पदाधिकारी श्री आशीष तिवारी, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री अब्दुल गफ्फार, जिला संयोजक आदिम जाति श्री बी. सिसोदिया,श्रम निरीक्षक श्री रामकुमार चौदाहसहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत में कलेक्टर श्री कन्याल ने निर्देश देते हुए कहा कि जिले में बाल भिक्षावृत्ति को पूरी तरह समाप्त करने के लिए ठोस कार्रवाई की जाए। उन्होंने विभागों को ऐसे परिवारों की पहचान करने के निर्देश दिए जो आर्थिक स्थिति के कारण भिक्षावृत्ति से जुड़े हैं। इन परिवारों को संभल योजना, वृद्धावस्था पेंशन, आयुष्मान कार्ड सहित सभी सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाकर उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने पर बल दिया गया, जिसकी मदद से बच्चों को स्कूलों तक पहुंचाया जा सके। इस दौरान कलेक्टर श्री कन्याल ने यह भी निर्देश दिया कि भिक्षावृत्ति में शामिल बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिलाया जाए तथा स्कूलों से ड्रॉप-आउट हुए बच्चों की सूची तैयार कर उन्हें पुनः विद्यालय से जोड़ा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे व्यक्तियों की पहचान की जाए जो बच्चों से जानबूझकर भिक्षावृत्ति करवाते हैं, ताकि उनके विरुद्ध उचित कार्रवाई की जा सके और बच्चों को सुरक्षित तथा शिक्षित वातावरण मिल सके। श्रम विभाग के अधिकारी ने बताया कि अधिकांश ऐसे बच्चे मजदूरी करते पाए गए हैं जिनके माता-पिता का निधन हो चुका है या वे मजदूर वर्ग से हैं, जिसके कारण बच्चे भी कार्य में लग जाते हैं। इस पर कलेक्टर ने गंभीर मामलों में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए उन्होंने कहा यदि बच्चे परिवार के साथ कार्य कर रहे हों तो उनकी पढ़ाई बाधित न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान उन्होंने निरीक्षकों को नियमित चेकिंग के निर्देश भी दिए। इस दौरान बताया गया मजदूरी करने वाले बच्चों को आईटीआई कॉलेज में प्रशिक्षण दिलाने और ओपन स्कूल में प्रवेश दिलाने की व्यवस्था की जा रही है। कलेक्टर श्री कन्याल ने स्पष्ट कहा कि बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य में किसी भी प्रकार की कमी न आए। भिक्षावृत्ति को जड़ से समाप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाते हुए यह देखा जाए कि इसमें किन-किन लोगों की भूमिका है और उन पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जिला टॉस्क फोर्स समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

अशोक नगर/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री आदित्य सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की जिला टॉस्क फोर्स समिति की समीक्षा बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि पुलिस विभाग अंतर्गत गुमशुदगी प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिले के शहरी क्षेत्रों में राजस्व,पुलिस एवं नगरपालिका द्वारा अतिक्रमण हटाये जाने की संयुक्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने सड़क सुरक्षा के अंतर्गत विशेष घाटियों एवं चयनित स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की जाए। साथ ही चयनित स्पॉटों पर रिफ्लेक्टर बोर्ड तथा साईन बोर्ड लगवाये जाएं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित राहवीर योजना अंतर्गत जिले से प्रकरण तैयार किये जाने तथा पात्र राहवीरों को पुरूस्कृत कराये जाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। बैठक में खाद नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि पट्रोंल पम्पों एवं गैस एजेंसियों का सतत निरीक्षण किया जाए।वन विभाग की समीक्षा के दौरान वनों की अवैध कटाई,अवैध उत्खनन,अवैध शिकार,भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 4 के लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने वन क्षेत्र में वन समितियों द्वारा बांस रोपण कराये जाने हेतु निर्देशित किया। जिला अभियोजन के अंतर्गत माह नवम्बर में जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि विभिन्न न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का अधिक से अधिक निराकरण कराना सुनिश्चित करें। विशेष न्यायालय अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम तथा पॉक्सों एक्ट के मामलों की समीक्षा कर निराकरण के निर्देश दिए। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अंतर्गत औषधि विक्रय संस्थानों का निरीक्षण किये जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। जिला परिवहन विभाग के अंतर्गत स्कूल बसों की सघन

कलेक्टर वानखडे द्वारा बालक छात्रावास का किया गया औचक निरीक्षण

छात्रावास अधीक्षक को निलंबित करने के दिए निर्देश

दतिया/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखडे द्वारा आज गुरूवार को करन सागर दतिया स्थित बालक छात्रावास का औचक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित छात्रों की समस्यायें सुनी। इस दौरान उन्होंने छात्रावास में साफ सफाई न होने से अधीक्षक को फटकार लगाई। उन्होंने जिला संयोजक आदिम जाति को बार-बार सफाई की कहने पर साफ-सफाई न होने पर छात्रावास अधीक्षक को निलंबित करने के निर्देश मौके पर दिए। उन्होंने छात्रावास के लिए नये अधीक्षक की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। श्री वानखडे ने कहा कि छात्रावास में साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्थायें चाक चौबंद रहे अगली बार जब निरीक्षण किया जाये तो किसी भी प्रकार की समस्या देखने को न मिले।

उनाव बालाजी मंदिर पर चल रहे निर्माण कार्यो का किया निरीक्षण

कलेक्टर श्री वानखडे द्वारा उनाव बालाजी पहुंचकर उनाव बालाजी मंदिर में प्रस्तावित निर्माणधीन निर्माण कार्यो की सममीक्षा की। उन्होंने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को नदी घाट पर पत्थर लगाने के निर्देश दिए जिससे घाट की सुदंरता को ब?ाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह कार्य 15 दिवस में 31 दिसम्बर तक पूर्ण कर लिया जाये। अगर तय समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं किया जाता है तो हर 10 दिन के हिसाब से 10 हजार रूपये रेडक्रॉस सोसायटी में जमा कराने होंगे। कलेक्टर द्वारा उनाव नदी पर बन रहे निर्माणधीन पुल का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर द्वारा चौथी वार पुल का निरीक्षण करने पर निर्माण कार्य में गति न होने के कारण अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए ठेकेदार को फटकार लगाई। उन्होंने पुल निर्माण डब्लूआरडी विभाग को संबंधित ठेकेदार का टैडर निरस्त करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वानखडे द्वारा उनाव में बन रहे निमार्णाधीन रेस्ट हाउस का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित ठेकेदार को निर्धारित समय में गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शौचालय निर्माण कार्य का भी निरीक्षण कर गुणवत्ता के साथ कार्य करने के निर्देशए। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में तथा पीछे साईट में पेपर ब्लाक लगाने के निर्देश देकर 31 दिसम्बर 2025 तक कार्य पूर्ण करने की बात कही। उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित समय में कार्य नहीं होता है तो 15 हजार रूपये प्रति 10 दिवस के हिसाब से रेडक्रॉस सोसायटी में संबंधित द्वारा जमा कराये जायेंगे। कलेक्टर द्वारा उनाव में बने सामुदायिक भवन का निरीक्षण कर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सप्ताह भर के अंदर उसे हैण्डओवर करने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा पार्किंग स्थल का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति पर संतुष्टी प्रट करते हुए समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा ग्राम भदेवरा तथा कामद गौशाला का निरीक्षण कर बिजली, पानी, चारा, ठंठ से बचाव आदि की व्यवस्था देखी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर के साथ सीईओ जिला पंचायत श्री अक्षय कुमार तेम्रवाल, ईई आरईएस तथा तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

जिला चिकित्सालय में शुक्रवार की समीक्षा बैठक सम्पन्न

सफाई, 108 एंबुलेंस, अलाव व्यवस्था और स्वास्थ्य एडवाइजरी पर दिए सख्त निर्देश

गुना/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल ने जिला चिकित्सालय में हर शुक्रवार को आयोजित होने वाली समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने सबसे पहले 108 एंबुलेंस सेवा की समीक्षा करते हुए कहा कि अब भी इसमें सुधार की आवश्यकता है, ताकि मरीजों को बेहतर और समय पर सुविधा मिल सके। इसके बाद उन्होंने चिकित्सालय की सफाई व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की। डॉक्टरों से मिले फीडबैक में बताया गया कि अस्पताल में सफाई में सुधार तो हुआ है, लेकिन फोकस क्षेत्रों की तुलना में आउटर एरिया में अभी और ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने निर्देश दिए कि कहीं भी पानी जमा न हो तथा चिकनी टाइल्स के कारण फिसलन न बने, वरना मरीजों के फिसलने का खतरा बढ़ जाता है। बैठक में कलेक्टर ने चिकित्सकों से पूछा वर्तमान समय में कौन-कौन सी बीमारियाँ अधिक फैल रही हैं, और उनके लिए तत्काल स्वास्थ्य एडवाइजरी जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बढ़ती ष्टश्चद्घस्र ङ्कङ्ग1द्भह्य को देखते हुए अलग से एडवाइजरी जारी करने को कहा। उन्होंने कहा कि÷जरूरतमंदों को कंबल वितरण के लिए भी प्रयास किए जाए। कलेक्टर ने नगर पालिका सीएमओ को जिला चिकित्सालय परिसर में अलाव की उचित व्यवस्था के लिए निर्देशित करने के साथ ठेले-गुमटियों को पीएम स्वनिधि के माध्यम से लोन उपलब्ध कराकर सुव्यवस्थित रूप से शिफ्ट करने का कहा। बैठक के समापन पर उन्होंने कहा कि ÷हम अक्सर सोचते हैं कि दूसरा कर लेगा, लेकिन अगर सब मिलकर थोड़ा-थोड़ा प्रयास करें, तो परिणाम अवश्य दिखाई देते हैं। बैठक में सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ॠषिश?वर, सिविल सर्जन डॉ. वीएस

एफएलएन संबंधी डीपीएमयू दिसम्बर माह की बैठक आयोजित

राजगढ़/नवप्रदेश। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में एफएलएन संबंधी डीपीएमयू दिसम्बर माह की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में एफएलएन अंतर्गत चर्चा के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रत्येक विद्यालय में सीएसी द्वारा पाँच प्रमुख केपीएल गुणवत्ता मापदंडों को पूरा करने हेतु एक निश्चित तिथि निर्धारित की जाए।जिसके आधार पर आगे की समीक्षा और आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि एफएलएन ब्लॉक स्तर की बीपीएमयू बैठक एसडीएम के नेतृत्व में आयोजित की जाएगी तथा उसका कार्यवृत्त संकलित कर कलेक्टर कार्यालय को प्रेषित किया जाएगा।

बैठक में प्रारंभिक मूल्यांकन के निष्कर्ष कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में प्रस्तावित संचालन समिति की बैठक में प्रस्तुत किए जाएंगे, ताकि जिले में शैक्षिक सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा बैठक में उपस्थित शिक्षकों से अपने शिक्षा के मूल कार्य के अंतर्गत निरंतर भ्रमण के दौरान शाला व्यवस्था, पाठ्यक्रम पूर्णता, मध्यान भोजन सहित शिक्षा में गुणवत्ता बनाए रखने का निरीक्षण कर नियत समय में सुधार किए जाने का आह्वान किया। साथ ही 5 निर्धारित केपीएल को 15 दिवस में सभी कक्षाओं में संचालित कराने के निर्देश भी दिए। राष्ट्रीय परख सर्वे के परिणाम को ब्लाक स्तर की बैठक में रखकर विकासखंडवार कमजोर लर्निंग आउटकम पर रणनीति बनाकर शालाओं में क्रियान्वयन के निर्देश दिए। स्विफ्ट चाट साप्ताहिक प्रश्नोत्तरी में प्रति सप्ताह बच्चों की सहभागिताए श्क्त्क्ष्क्क अंतर्गत विषयवार कार्यशाला के माध्यम से भी बच्चों की विषयगत कमजोरियों को सुधरने एवं नियमित मोनिटरिंग के निर्देश दिए गये। चाइल्ड ट्रेकिंग के बिंदु पर 15 दिवस में सर्वे कार्य को पुनः रिव्यु कर जानकारी अपडेट किये जाने के साथ एजुकेशन 3.0 पोर्टल पर कार्य पुनः कराने और यू डाईस ड्राप बॉक्स में छूटे छात्रों को शाला में प्रवेशित कराये जाने हेतु बीआरसी एवं सीएसीको निर्देश दिए गए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा मध्यान्ह भोजन पर सख्त निर्देश देते हुए शालाओं में बच्चों को गर्म एवं समय पर और अच्छा भोजन प्रदाय कराने और 36 संकुल क्षेत्र में एप्प के माध्यम से संचलित हो रही सा-सफाई व्यवस्था हेतु बताया गया। साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा शाला में बच्चों को पेयजल की उपलब्धता में आवश्यक सहयोग के साथकिचन शेड के अति आवश्यक प्रस्ताव के बारे में जानकारी देने हेतु सभी को निर्देशित किया एवं बैठक में शालाओं में निरीक्षण के दौरान एमडीएम के साथ-साथ शैक्षणिक बिन्दुओं पर निरीक्षण व आंकलन करने के निर्देश दिये गये तथा निरीक्षण सख्ती से व निरंतर कराएं इसमें कोई लापरवाही न हो,

हर संस्था में महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराएँ

कार्यशाला में आंतरिक परिवाद समितियों के अध्यक्षों सहित लगभग 160 सदस्य हुए शामिल

कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यशाला आयोजित

ग्वालियर/नवप्रदेश। शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं के कार्यालयों व अन्य स्थलों पर महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो, इस उद्देश्य से आंतरिक परिवाद समितियों का गठन किया गया है। सभी समितियां अधिनियम के प्रावधानों के तहत सक्रिय होकर महिलाओं के हित में काम करें। यह बात ÷कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण प्रतिषेध एवं प्रतितोषण) अधिनियम के तहत बाल भवन में आयोजित हुई कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों ने कही। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शुक्रवार को आयोजित की गई इस कार्यशाला में विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों में गठित आंतरिक परिवाद समितियों के लगभग 160 अध्यक्ष एवं सदस्यगणों ने अधिनियम की बारीकियां सीखीं।

साथ ही सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास श्री राहुल पाठक, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री मनीष सिंह व श्री मनोज गुप्ता एवं श्री उमेश वशिष्ठ सहित विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधिगण मौजूद थे। सहायक संचालक महिला बाल विकास श्री राहुल पाठक ने बताया कि इस अधिनियम के अतंर्गत भारत सरकार द्वारा स्द्धदङ्क्ष्४× नाम से एक ऑनलाईन पोर्टल तैयार किया गया है। उत्पीडित महिला इस पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। अधिनियम के तहत जिले के जिन शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों में समितियों का गठन किया जा चुका है, उन समितियों की जानकारी भी स्द्धदङ्क्ष्४× पोर्टल पर अपलोड की जाना है। उन्होंने कार्यशाला में मौजूद आंतरिक परिवाद समितियों के अध्यक्षों व सदस्यों से भी अधिनियम की जानकारी अधिक से अधिक महिलाओं को देने का आग्रह किया। कार्यशाला में सामाजिक संस्था के संयोजक श्री उमेश वशिष्ठ ने अधिनियम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं और पुरुषों को समान व्यवहार मिले, इसके लिये आंतरिक परिवाद समिति सक्रियता से काम करें। परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री मनोज गुप्ता ने महिला उत्पीड़न की रोकथाम के संबंध में अधिनियम बनाने की पृष्ठभूमि के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शासकीय एवं अशासकीय कार्यस्थल पर महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस अधिनियम का गठन किया गया है। 10 या 10 से अधिक महिलायें होने पर कार्यालयों में समिति का गठन अनिवार्य किया गया है। अधिनियम के तहत किसी कार्यालय में अगर आंतरिक परिवाद समिति का गठन नहीं किया जाता है तो अधिनियम के तहत 50 हजार रूपए तक के अर्थदण्ड का प्रावधान किया गया है। समिति के सभी अध्यक्षों से यह भी आग्रह किया गया कि वे अपने-अपने कार्यस्थलों पर आंतरिक समिति का बोर्ड भी डिस्प्ले कराएं। कार्यशाला में ग्वालियर ग्लोरी हाई स्कूल की प्राचार्य डां. राजेश्वरी सावंत एवं पेरालीगल वालिंटीयर श्रीमति सबा रहमान द्वारा अधिनियम के विषय में अपना फीडबेक दिया गया।

मोहन के दो वर्ष: विकास, सुशासन और भविष्य का स्पष्ट रोडमैप

सीएम बोले-सरकार हर वादा पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने दो साल के कार्यकाल की उपलब्धियों की किताब जारी करते हुए कहा कि प्रदेश ने विकास के हर क्षेत्र में बड़ी प्रगति की है। उन्होंने बताया कि सरकार आने वाले वर्षों के लिए मजबूत रोडमैप बनाकर हर वादा पूरा करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है।

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को अपने दो वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तक का विमोचन करते हुए राज्य में हुए विकास कार्यों और आने वाले वर्षों के लिए तैयार रोडमैप की जानकारी दी सीएम ने कहा कि ये दो वर्ष मध्यप्रदेश के विकास और सेवा के वर्ष रहे हैं, जिनके हर चरण के साक्षी प्रदेश के नागरिक हैं। बीते वर्ष के कामों की समीक्षा करते हुए सरकार ने आगामी तीन वर्षों के विकास की दिशा भी तय कर ली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर वादा पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रदेश लाल सलाम से मुक्त बड़ी उपलब्धी

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो वर्षों का लघु चित्र यदि देखा जाए तो प्रदेश ने हर मोर्चे पर उल्लेखनीय प्रगति की है। वैश्विक परिस्थितियों ने भारत को विश्व में अग्रणी भूमिका दी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ने हर चुनौती को अवसर में बदला है। उन्होंने नक्सल समस्या पर बात करते हुए बताया कि 1989 से सक्रिय नक्सलवाद को समाप्त करना बड़ी चुनौती थी, लेकिन केंद्र के सहयोग और गृहमंत्री अमित शाह द्वारा तय 2026 की डेडलाइन से पहले ही प्रदेश ने उल्लेखनीय सफलता हासिल कर ली है। ÷42 दिनों में 42 नक्सलियों के सरेंडर होना इस दिशा में बड़ी उपलब्धि है। प्रदेश के डिंडोरी, मंडला और बालाघाट को लाल सलाम से मुक्त किया। उन्होंने कहा कि अब जो विश्वास रूका था, उसका सफाया करेंगे।

सौर पार्क विकसित किए जा रहे

ऊर्जा और औद्योगिक विकास पर बात करते हुए सीएम ने बताया कि मुरैना में देश की पहली सोलर प्लस स्टोरेज परियोजना 2.70 रुपए प्रति यूनिट की दर पर स्थापित की गई है। सबसे सस्ती बिजली अपना राज्य दे रहा हैं। राज्य में 2000 मेगावॉट अतिरिक्त सौर पार्क विकसित किए जा रहे हैं। पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क से तीन लाख से अधिक रोजगार सृजित होंगे जबकि 6 लाख कपास उत्पादकों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। पहले हमारा कपास और उनका धागा-कपड़ा। अब कपास भी हमारा, धागा भी हमारा और कपड़ा भी हमारे यहां ही बनेगा। सीएम ने कहा कि पहली बार जीआईएस भोपाल में कराई और रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया।

केन बेतवा नदी जोड़ो परियोजना बड़ा अभियान

सीएम ने जल संसाधन और सिंचाई विस्तार पर सरकार के कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि केन-बेतवा लिंक परियोजना, पार्वती कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना को लेकर त्रि-पक्षीय समझौता और तापी बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना के लिए महाराष्ट्र के साथ एमओयू किया। उन्होंने कहा कि नर्मदाङ्कशिप्रा बहुउद्देश्यीय माइक्रो सिंचाई योजना से प्रदेश को बड़ा लाभ मिला है। 2498 करोड़ की लागत से बनी इस परियोजना से 100 गांवों की 30 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। शिप्रा नदी को पुनर्जीवित करने के लिए 800 करोड़ रुपये की योजना भी तैयार की गई है। सिंहस्थ में क्षिप्रा के जल से ही श्रद्धालु स्नान करेंगे। यहां 250 से अधिक नदियां बहती हैं। हम बूंद-बूंद पानी को सहेजने की योजना बना रहे हैं।

इंजीनियरिंग कॉलेजों के अंदर आईटी पार्क बनाए जा रहे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गौ संरक्षण के लिए नई योजना शुरू की गई है। दूध उत्पादन को 20 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। गोपालकों को 10 लाख रुपए तक अनुदान दिया जा रहा है। बड़ी गोशालाएं खोलने पर भी अनुदान मिलेगा। गोशालाओं के लिए 125 एकड़ भूमि भी दी जाएगी। हम वेस्ट को वैल्यू में बदल रहे हैं। प्रदेश में कचरे और पराली से ऊर्जा उत्पादन किया जा रहा है। इस क्षेत्र में कई नामी कम्पनियों ने भी रूचि व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग कॉलेजों के अंदर आईटी पार्क बनाए जा रहे हैं। आईटी सिटी और एआई सिटी तैयार करने की योजना है।

प्रदेश में बन रही मेडिकल कॉलेजों की श्रृखला

स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। दो वर्षों में छह नए सरकारी मेडिकल कॉलेज खुलने से सरकारी मेडिकल कॉलेजों की संख्या 19 हो गई है, वहीं निजी कॉलेजों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। उद्योग एवं निवेश क्षेत्र में 18 नई नीतियों को मंजूरी दी गई है। इंदौर की हुकुमचंद मिल के 4800 श्रमिक परिवारों को 214 करोड़ रुपये का भुगतान कर राहत दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इन दो वर्षों में ही हमने हुकुमचंद मिल के मजदूरों के बकाये का विवाद खत्म कराया। भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों को न्याय दिलाते हुए जहरीले कचरे का निष्पादन कराया। इंदौर-उज्जैन, भोपाल-नर्मदापुरम को मेट्रोपोलिटन एरिया बनाने की योजना बनाई गई। हमारे औद्योगिक केंद्र मेट्रोपोलिटन एरिया के विकास के मुख्य आधार बनेंगे। दोनों मेट्रोपोलिटन एरिया में 11 हजार किमी का विकास होगा।

प्रदेश में जल्द ही ई बसें दौड़ेंगे

सीएम ने कहा कि प्रदेश में जल्द ही ई-बसें भी शुरू की जाएंगी। गरीब कल्याण के लिए अनेक निर्णय लिए हैं। बजट को 5 साल में दोगुना करने का लक्ष्य है। प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय को 1 लाख 54 हजार रुपए तक बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि 2600 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं खरीदा, सोयाबीन की खरीद के लिए भावांतर योजना लॉन्च की गई। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत बहनों को दी जाने वाली मासिक राशि भी ब?ा दी गई है। अब हमारी बहनों को हर माह 1500 रुपए दिए जा रहे हैं।

सिंचाई का रकबा 100 एकड़ बनाने का लक्ष्य

कृषि क्षेत्र को अगले वर्ष की प्राथमिकता बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2026 को कृषि वर्ष घोषित किया गया है। सिंचाई का रकबा 42 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 54 लाख किया जा चुका है और लक्ष्य 100 लाख हेक्टेयर का है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, फसल प्रसंस्करण उद्योग लगाने और किसानों को सही दाम दिलाने पर सरकार काम कर रही है।

75 साल पूरे होने पर विधानसभा का विशेष सत्र होगा

17 दिसंबर 1956 में हुआ था पहला सत्र, विकसित और आत्मनिर्भर एमपी पर चर्चा

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश विधानसभा का विशेष सत्र इसी माह 17 दिसंबर को होगा। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बीच सहमति के बाद सत्र बुलाने के फैसले पर मुहर लग गई है। यह विशेष सत्र विधानसभा सत्र की पहली बैठक के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में बुलाया जाने वाला है जिसमें मध्यप्रदेश के समग्र विकास पर चर्चा की जाएगी। एक दिवसीय यह विशेष सत्र मध्य प्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का आठवां सत्र होगा। सत्र सुबह 11 बजे से होगा। राज्यपाल द्वारा अनुमोदित अधिसूचना विधानसभा सचिवालय द्वारा आज जारी कर दी गई है। इस एक दिवसीय सत्र में मध्य प्रदेश को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने पर चर्चा होगी। विधानसभा के गठन के बाद सबसे पहला सत्र 17 दिसंबर 1956 से शुरू हुआ था और इस दिन पहली बैठक हुई थी। इसी को देखते हुए विधानसभा सचिवालय द्वारा 17 दिसंबर को विधानसभा के पहले सत्र को 75 साल पूरा होने पर इस साल भी बैठक बुलाने की तैयारी की जा रही है। गौरतलब है कि इसके पहले 1 दिसम्बर से 5 दिसंबर तक चार दिवसीय विधानसभा का शीतकालीन सत्र बुलाया गया था।

इसके पहले भी हुए हैं विशेष सत्र

विधानसभा का विशेष सत्र इसके पहले भी कई बार बुलाया जा चुका है। कोरोना काल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के 2020 में मुख्यमंत्री बनने के बाद विशेष सत्र बुलाया गया था। इसके पहले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर दास रोहाणी के कार्यकाल में भी विशेष सत्र बुलाया जा चुका है। इसके अलावा कई अन्य मौकों पर भी विशेष सत्र हो चुके हैं।

भोपाल के लालघाटी फ्लाईओवर के नीचे आग लगी

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल के लालघाटी चौराहे पर फ्लाईओवर के नीचे सौंदर्यीकरण के लिए लगे एसीपी (एल्युमिनियम कंपोजिट पैनल) में शुक्रवार को आग लग गई। आग ब्रिज पर लगी लाइट और कचरे से भीषण हो गई। तुरंत 3 दमकलें मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग की वजह से काफी देर तक ट्रैफिक भी रुका रहा। जानकारी मिलते ही बैरागढ़ से 2 और फतेहगढ़ फायर स्टेशन से एक दमकल मौके पर पहुंची। बैरागढ़ स्टेशन के फायर फाइटर मुबारिक अहमद ने बताया कि आग लगने की वजह सामने नहीं आई है। फ्लाईओवर में सौंदर्यीकरण के लिए लगे प्लाइवुड समेत अन्य सामान में पहले आग लगी थी। ऊपर लाइट के पोल में भी आग लग गई और सड़क पर कचरे की वजह से यह भभक गई। कुछ देर में आग बुझा दी गई। कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन काफी नुकसान हुआ है।

कोहेफिजा से लालघाटी की ओर का रास्ता

फ्लाईओवर कोहेफिजा से लालघाटी की ओर का रास्ता तय करवाता है। इसके नीचे चौराहा है, जो वीआईपी रोड, लालघाटी, बैरागढ़ की तरफ और एयरपोर्ट रोड को जोड़ता है। नीचे बैरागढ़ की ओर जाने वाले रास्ते में यह आग लगी थी। फ्लाईओवर के नीचे मजार भी है। इसके पास आग लगी। मजार तक पहुंचने के पहले ही आग काबू में आ गई।

वुडन फिनिश से चमका है फ्लाईओवर के नीचे का हिस्सा

फ्लाईओवर के नीचे एसीपी का उपयोग कर सौंदर्यीकरण किया गया है। एसीपी शीट का उपयोग होने से दस साल तक यह सौंदर्यीकरण बरकरार रहेगा। यहां सीएनसी (कम्प्यूटर न्यूमैरिक कंट्रोल) पद्धति से पेंटिंग भी की गई है। लालघाटी चौराहे पर पेंटिंग की थीम राजा भोज है ब्रिज के नीचे खूबसूरत लाइटिंग भी गई है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने यह काम किया है। बता दें कि इससे पहले इस ब्रिज पर नगर निगम कई बार स्वच्छ भारत मिशन के तहत पेंटिंग करा चुका है। जीआईएस के समय भी यहां कुछ पेंटिंग हुई थी, लेकिन वह जल्दी खराब हो गई।

आईएएस संतोष वर्मा के विरुद्ध मंत्रालय के सामने प्रदर्शन: शंख, झालर बजाकर रैली निकाली

सरकार का ध्यान आकृष्ट करने की कोशिश

भोपाल/नवप्रदेश। आईएएस संतोष कुमार वर्मा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को दोपहर को मंत्रालय के गेट नंबर 6 पर सकल ब्राह्मण समाज संयुक्त मोर्चा तथा सामान्य वर्ग के कर्मचारियों द्वारा शंखनाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्राह्मण समाज के लोगो ने प्रशासन को जगाने के लिए मंत्रालय के सामने शंख झालर बजाकर प्रदर्शन किया। साथ ही हनुमान चालीसा पाठ किया। कार्यक्रम के पहले यह तय हुआ कि संतोष वर्मा के विरुद्ध कार्रवाई के कागज उपलब्ध नहीं करा दिए जाते तब तक आंदोलन यथावत चलता रहेगा।

लेकर एक ओर 14 दिसम्बर को सीएम हाउस का घेराव करने की तैयारी है वहीं दूसरी ओर मंत्रालय के सामने आज प्रदर्शन किया गया है।

मंत्रालय अधिकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुधीर नायक ने बताया कि बेटियों के प्रति अभद्र गंदी टिप्पणी करने के और कई प्रकार के फर्जीवाड़े उजागर हो जाने के बावजूद आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के विरुद्ध 18 दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अभी तक ब्राह्मण वर्ग और सामान्य वर्ग के लोग अलग-अलग स्तर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। अब संयुक्त संघर्ष मोर्चा के संयुक्त आंदोलन का यह प्रथम चरण है। संयुक्त मोर्चा का गठन हो चुका है और आंदोलन न्याय मिलने तक जारी रहेगा।

मंत्रालय के सामने किए जाने वाले प्रदर्शन की सूचना पुलिस और वल्लभ भवन प्रशासन को दे दी गई थी। आईएएस संतोष वर्मा के विरुद्ध कार्यवाही की मांग को लेकर 14 दिसम्बर को सीएम हाउस का घेराव किया जाने वाला है। इसके लिए प्रदेश के सभी जिलों से सकल ब्राह्मण समाज और सर्व समाज के लोगों को बुलाया गया है और बेटियों के प्रति अभद्र टिप्पणी करने वाले अफसर पर कार्यवाही की मांग की जाएगी।

भोपाल के बाणगंगा में स्मार्ट बिजली मीटर पर हंगामा

महिलाएं बोलीं- बिना सहमति लगा रहे; कांग्रेस ने भी विरोध जताया

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल के बाणगंगा इलाके में स्मार्ट बिजली मीटर लगाने पर हंगामा हो गया। शुक्रवार को यहां बिजली कंपनी के ठेका कर्मचारी स्मार्ट मीटर लगाने पहुंचे थे। जिसका महिलाओं ने विरोध किया। कहा कि बिना सहमति के मीटर क्यों लगा रहे हैं? इधर, कांग्रेसियों ने भी जबर्दस्ती मीटर लगाने का विरोध जताया है। बाणगंगा के अलावा प्रताप नगर, हसनाथ नगर, दशहरा मैदान समेत 5 इलाकों में ठेका कंपनी के कर्मचारी मीटर लगाने पहुंचे थे। उनके विरोध में महिलाएं सामने खड़ी हो गईं। बाणगंगा की महिलाओं ने कहा कि बिना पूछे ही मीटर बदल दिया। कई घरों में ताला लगा था। फिर भी कर्मचारी मीटर लगा गए। वार्ड-24 के कांग्रेस अध्यक्ष शोएब खान ने बताया कि स्मार्ट मीटर के लिए ठेकेदार लोगों को धमका भी रहे हैं। मीटर लगाने से पहले लोगों को समझाया जाना चाहिए था, लेकिन बिजली कंपनी ने ऐसा नहीं किया।

विरोध के बाद मीटर लगाने का काम बंद किया

लोगों के विरोध के बाद यहां मीटर लगाने का काम फिलहाल बंद कर दिया गया। कर्मचारी भी लौट गए। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि मीटर जरूर लगाए जाएंगे। पूरे शहर में लग रहे हैं। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने भी स्मार्ट मीटर को लेकर आपत्ति जताई। स्मार्ट मीटर के विरोध में राजधानी भोपाल में लगातार प्रदर्शन किए जा रहे हैं। करीब 2 महीने पहले मध्यप्रदेश बिजली उपभोक्ता एसोसिएशन (एमईसीए) के बैनर तले शाहजहानी पार्क में प्रदर्शन

सरकार के 2 साल पूरे होने पर पटवारी बोले- प्रदेश की दुर्दशा के साल

सिंघार ने कहा 22 साल का हिसाब दें

कांग्रेस ने मध्यप्रदेश सरकार के 2 साल पूरे होने पर तीखा हमला बोला। PCC चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि यह दो साल नहीं, बल्कि प्रदेश की दुर्दशा के साल रहे हैं, जबकि नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने 22 साल के बीजेपी शासन का हिसाब मांगा।

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दो वर्ष पूरे होने पर सीएम ने प्रेसवार्ता कर सरकार की उपलब्धि गिनाई। इधर इस पर प्रतिक्रिया देने के लिए पीसीसी प्रमुख जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जीतू पटवारी ने कहा कि सरकार के दो वर्ष पूर्ण हो गए, लेकिन हालात बदतर हैं। पत्रकार जो मुद्दे उठाते हैं, वो खबरों में जगह ही नहीं पाते। मेडिकल सिस्टम की अव्यवस्था, बढ़ते कर्ज, जमीन सौदों में गड़बड़ियां, भ्रष्टाचार, बहनों को वादे के मुताबिक राशि न देना, और बहना योजना में हजारों करोड़ की कथित धांधली ये सवाल सरकार को पूछे जाने चाहिए थे। उन्होंने कहा यह दो साल नहीं, प्रदेश की बरबादी के दो साल हैं।

सौरभ शर्मा की ईंटों से लेकर घोटालों तक सरकार जवाब दे

उमंग सिंघार ने कहा कि साल पूरे होने पर सरकार जश्न मना रही है, लेकिन जनता प्रश्नों के बीच खड़ी है। केंद्र ने कई योजनाओं का फंड रोक दिया, परिवहन और नर्सिंग घोटालों पर सरकार मौन है, और सौरभ शर्मा की सोने की ईंटें किसके पास गई इसका जवाब भी नहीं दिया जा रहा उन्होंने कटाक्ष किया कि शैंपू का ज्ञान देने वाले मंत्री बताए कि प्याज क्यों सड़कों पर फेंकी जा रही है? कैलाश विजयवर्गीय दो साल में मास्टर प्लान तक तैयार नहीं कर पाए। धारा 16 में जमीनों के नाम पर गड़बड़ी किसकी मिलीभगत से हुई?

22 साल का शासन क्या मिला प्रदेश को?

उमंग सिंघार ने कहा कि 22 साल से प्रदेश में बीजेपी राज कर रही है, और बात सिर्फ दो साल की करते हैं, यह जनता को भ्रम में रखने जैसा है। उन्होंने विधानसभा सत्र की अनियमितताओं, लाइव प्रसारण बंद रखने, कुपोषण बढ़ने, बेरोजगारी में वृद्धि और किसानों को राहत न मिलने जैसे मुद्दे उठाए। सिंघार ने कहा कुपोषित बच्चे बढ़े हैं, शिशु मृत्यु दर 169 प्रति एक लाख है यह सरकार की नाकामी है।

बेरोजगारी, महंगी बिजली और शराब नीति पर भी निशाना

उमंग सिंघार ने कहा कि 25 लाख से ज्यादा युवा बेरोजगार हैं। सरकार जनता के टैक्स से जश्न मना रही है जबकि स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है। मेट्रो का सिर्फ दिखावटी ट्रायल कर करोड़ों खर्च कर दिए। 27त्न आरक्षण पर सरकार सुप्रीम कोर्ट में मजबूत पक्ष ही नहीं रख सकी। बिजली पूरे देश में सबसे महंगी मध्य प्रदेश में मिल रही है। जनता की जेब खाली और कंपनियों की तिजोरियां भरी जा रही हैं।

शराब नीति को लेकर भी सवाल उठाए

उन्होंने शराब नीति को लेकर भी सवाल उठाए पूरे प्रदेश में गली-गली शराब बिक रही है। उज्जैन में शराब बिक्री पर सवाल उठता है तो सरकार मौन हो जाती है। उज्जैन से गुजरात शराब भेजी जा रही है, इसका जवाब कौन देगा? अंत में उन्होंने कहा सरकार 2 साल की बात कर रही है, लेकिन जनता 22 साल का हिसाब चाहती है।

अधजले शव जुड़वां बच्चों के निकले, पीएम रिपोर्ट भी आई: 8 महीने के प्रीमैच्योर थे

गर्भ में हुई मौत: बाद में जलाए गए; 10 घंटे देर से दी सूचना

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज के मॉर्चुरी परिसर से जले हुए नवजात बच्चों के शव मिलने के मामले में नई जानकारी सामने आई है। दोनों शव जुड़वां बच्चों के थे, जिनकी प्रीमैच्योर डिलीवरी आठ महीने में हुई थी। हालांकि बच्चों को कचरे के साथ फेंकने और जलाने वाले की पहचान नहीं हो सकी है।

शव कचरे के ढेर में कैसे आए इस तथ्य का पता लगाने के लिए पुलिस ने फौरी तौर सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे लेकिन तस्वीरें साफ नहीं होने से कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस का कहना है कि डीवीआर देखने के बाद ही खुलासा हो सकेगा कि नवजात को किसने फेंका था। नवजात की मौत की वजह पीएम रिपोर्ट में स्पष्ट नहीं हो पाई है। उनकी नाल आपस में जुड़ी हुई है जिससे यह साबित हुआ है कि वे जुड़वा थे। पुलिस को संदेह है कि किसी बिन ब्याही मां ने दोनों बच्चों को जन्म दिया। बदनामी के डर से ठिकाने लगाने का प्रयास किया।

सूचना देने वाले के बयान दर्ज

पुलिस ने मामले की सूचना देने वाले कर्मचारी विनोद यादव के बयान दर्ज कर लिए। इसमें थाने में देरी से सूचना देने के संबंध में विनोद ने पुलिस को बताया कि शव मिलते ही अधीक्षक और डीन को सूचना दी। उनकी परमिशन मिलने के बाद पुलिस को सूचित किया गया। हालांकि इस पूरी प्रक्रिया में सूचना देने में करीब 10 घंटे से अधिक की देरी की गई। सूचना के बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची, मॉर्चुरी परिसर में रखे नीले रंग के ड्रग में दोनों शव रखे थे। ड्रम को खोलने के बाद पुलिस ने दोनों शव की जब्ती बनाई, जिसके बाद पीएम के लिए मॉर्चुरी में ही सुरक्षित रखवा दिया।

घटिया सीसीटीवी के कारण अटकी जांच

मॉर्चुरी परिसर में रात के समय में लाइट पर्याप्त नहीं थी। इसी के साथ यहां लगे सीसीटीवी कैमरे बेहद पुराने हैं, जिससे अंधेरे में फुटेज धुंधले कैप्चर होते हैं। इसी कारण फुटेज साफ नहीं मिले हैं। अब पुलिस डीवीआर को जब्त कर एक्सपर्ट्स के साथ फुटेज खंगालने का काम करेगी।

आठ महीने के थे नवजात

पीएम में इस बात की पुष्टि हुई है कि नवजात करीब आठ महीने में जन्मे थे। प्रीमेच्योर डिलीवरी के बाद बच्चे मृत पैदा हुए थे। दोनों ही शव के नाल नहीं कटी थीं।

घर पर डिलीवरी का अनुमान

पीएम रिपोर्ट के अनुसार बच्चों का जन्म घर पर ही हुआ है। उनकी नाल नहीं कटी थी। दोनों बच्चों के शरीर की सफाई भी नहीं थी। वहीं पुलिस हमीदिया के गायनिक डिपार्टमेंट से हाल में जन्मे बच्चों का रिकार्ड मांग रही है। आसपास की बस्तियों में भी पुलिस हाल में जन्मे बच्चों की जानकारी जुटा रही है। हमीदिया अस्पताल में 200 सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं। फिर भी दो नवजात बच्चों के शव मिलना गंभीर लापरवाही का संकेत है। इतने बड़े सरकारी अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने की उम्मीद रहती है, लेकिन ऐसी घटना व्यवस्था पर सवाल भी खड़े करती है। अस्पताल में रोजाना हजारों मरीज आते हैं और ऐसे माहौल में सुरक्षा चूक किसी भी बड़ी समस्या को जन्म दे सकती है।

आग बुझाने के बाद हुआ खुलासा

कचरे में आग लगने पर अस्पताल प्रबंधन ने फायर ब्रिगेड को बुलाया। आग बुझाने के बाद जब टंकी की जांच की गई तो उसमें दो नवजात बच्चों के अधजले शव मिले। शवों पर प्लास्टिक और पन्नी चिपकी हुई थी। इसके बाद दोपहर करीब 2 बजे कोह-ए-फिजा पुलिस को सूचना दी गई। एसीपी शाहजहांनाबाद अनिल वाजपेयी ने कल कहा था कि इनका पीएम कराया जा रहा है और पीएम रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। अब जब पीएम रिपोर्ट में भी कुछ नहीं निकला है तो पुलिस के लिए गुत्थी और मुश्किल हो गई है।

राजस्थानी बदमाशों ने भोपाल में ट्रक चालक को बंधक बनाया: 13 घंटे कस्टडी में रखा

भोपाल/नवप्रदेश। साइबर ठगों ने एक ट्रक चालक को बंधक बनाकर जमकर मारपीट की। रातभर विदिशा में बंधक बनाए रखा। आरोपी ऑडी कार से ट्रक चालक को पीटते हुए भोपाल लाए। यहां उसने शोर मचाया, जिसके बाद आरोपी कार से भाग निकले। जानकारी के अनुसार, आरोपियों ने ट्रक चालक के खाते में ऑनलाइन गेमिंग के चार लाख रुपए ट्रांसफर किए थे। पीड़ित ने तीन लाख रुपए लौटा दिए थे। एक लाख रुपए लौटाने को लेकर विवाद हुआ। मिसरोद थाना टीआई रतन सिंह परिहार ने बताया कि फरियादी सुनील मालवीय भानपुरा मंदसौर का रहने वाला है। वह खुद का ट्रक

सुविचार

आशा और विश्वास कभी गलत नहीं होते। यह हम पर निर्भर है कि हमने आशा किससे की और विश्वास किस पर किया। - अज्ञात

वन नेशन वन इलेक्शन का विरोध क्यों

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में संयुक्त संसदीय समिति के कार्यकाल को आगे बढ़ाने के प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गई। गौरतलब है कि वन नेशन वन इलेक्शन के लिए जेपीसी का गठन किया गया है जो लोकसभा चुनाव के साथ ही सभी प्रदेशों की विधानसभा चुनावों को एकसाथ कराने से संबंधित विधेयकों की जांच कर रही है। इस समीति ने अभी तक वन नेशन वन इलेक्शन के मुद्दे पर संविधान विशेषज्ञों, विधि आयोग और प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ चर्चा करके उनके सुझाव ले लिये हैं। किन्तु जेपीसी में ही इस मुद्दे पर आम सहमति नहीं बन पा रही है। जेपीसी में शामिल विपक्षी पार्टियों के नेता वन नेशन वन इलेक्शन लगातार विरोध कर रहे हैं। संयुक्त संसदीय समिति का कार्यकाल बढ़ाने के लिए आयोजित बैठक में भी राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने वन नेशन वन इलेक्शन का प्रबल विरोध किया और कहा कि यह मॉडल भारतीय संविधान की मूल संरचना को प्रभावित करने वाला है और संघीय ढांचा को कमजोर करेगा और इससे राज्यों के अधिकारों का हनन होगा। उल्लेखनीय है कि जब से केन्द्र सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में वन नेशन वन इलेक्शन के लिए समिति का गठन किया है तभी से विपक्ष इस अवधारणा का विरोध कर रहा है जिसकी वजह से बेल मुंडेर पर नहीं चढ़ पा रही है। वन नेशन वन इलेक्शन का विपक्ष द्वारा विरोध समझ से परे है। दरअसल विपक्षी पार्टियों को खासतौर पर क्षेत्रीय पार्टियों को यह आंशका सता रही है कि यदि लोकसभा के साथ ही सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ कराने से राष्ट्रीय पार्टियों को फायदा पहुंचेगा लेकिन क्षेत्रीय पार्टियों को इसका नुकसान उठाना पड सकता है क्योंकि फिर पूरे देश का चुनाव राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर लड़े जाएंगे। जिनके सामने क्षेत्रीय मुद्दे कमजोर साबित होंगे ऐसी स्थिति में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होने के कारण क्षेत्रीय पार्टियों को दिक्कतों का समाना करना पड़ेगा। एक साथ दो चुनाव लड़ने के लिए उनके पास संसाधनों का भी टोटा हो जाएगा। यही वजह है कि क्षेत्रीय पार्टियां वन नेशन वन इलेक्शन के लिए तैयार नहीं है। जबकि सरकार का कहना है कि इससे चुनाव पर होने वाले भारी भरकम खर्च में कमी आएगी और हर साल दो साल में कोई न कोई चुनाव होने की वजह से जो सरकारी कामकाज प्रभावित होता है और आचार सहिंता लगने के कारण विकास कार्यों पर विराम लगता है वह सब दिक्कतें इससे दूर हो जाएंगी। एक साथ चुनाव होने से मतदाताओं को भी सुविधा होगी। अब वे पांच साल में एक बार मतदान कर देश और प्रदेश की सरकार चुन पाएंगे। बहरहाल वन नेशन वन इलेक्शन की राह आसान नहीं लग रही है।

एसआईआर की सीमा बढ़ाना उचित निर्णय

चुनाव आयोग ने बिहार में एसआईआर कराने के बाद छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और बंगाल सहित 12 राज्यों में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू कराई है। अब चुनाव आयोग ने छत्तीसगढ़ के अलावा पांच राज्यों और एक केन्द्रशासित प्रदेश में एसआईआर की समय सीमा बढ़ा दी है। वैसे तो इन राज्यों में पूर्व निर्धारित समय सीमा के भीतर भी एसआईआर का काम 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है लेकिन कुछ मतदाताओं के अन्यत्र पलायन कर जाने के कारण एसआईआर का काम प्रभावित हो रहा है। इसी दिक्कत को मद्देनजर रखकर चुनाव आयोग ने एसआईआर की समय सीमा बढ़ाने का फैसला लिया है जो स्वागत योग्य है। वाकई एसआईआर के काम में बीएलओ को जमानी स्तर पर भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इसलिए उनपर काम का अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। अनुपस्थित और स्थानांतरित मतदाताओं की खोज खबर लेना उनके लिए परेशानी का सबब बन गया है अब एसआईआर की समय सीमा बढ़ने से यह काम सुचारू रूप से हो पाएगा और किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में जुड़ने से नहीं छूट पाएगा। इस काम में राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों अर्थात् बूथलेबल एजेन्ट को भी सहयोग करना चाहिए किन्तु देखा जा रहा है कि बीएलए इस काम में उतनी रूचि नहीं ले रहे हैं और बाद में जब किसी का नाम छूट जाएगा या कट जाएगा तो ये हो हल्ला मचाएंगे। बेहतर होगा कि बीएलए भी इस काम में सक्रिय सहभागिता दर्ज करायें।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ तुम्हारा चिंतन तुम्हारी भाव धारा जब एक महापुरुष से जुड़ती है, महाशक्ति से जुड़ती है; 'ईश्वर अंश जीव अविनाशी' अपने उस अंशी से अंश से जुड़ जाता है, अंश का अंशी से जुड़ जाता है उसी समय तुम अनंत हो जाते हो। जब तक अंशी से अंश अलग है तब तक क्षुद्र है, जब तक बूंद बिंदु सिंधु से अलग है तब तक उसे एक धूल भी मिटा दे, तब तक उसे धूप की एक किरण भी सुखा दे, तब तक उसे हवा भी उड़ा दे लेकिन जैसे ही वह बिंदु सिंधु में मिली अब आओ तुम कौन ? धूल कौन ? हवा कौन सागर को मिटा सकता है? कौन सागर को सुखा सकता है? श्री कृष्ण और श्री गुरु से 'तुम्हारे जुड़े विचार; तुम बिंदु हो वो सिंधु है, तुम भी सिंधु हो जाते हो, कोई सुखा नहीं सकता, कोई मिटा नहीं सकता।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1882 : बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय का बांग्ला उपन्यास 'आनंद मठ' प्रकाशित'। 1911 : कलकत्ता (अब कोलकाता) की बजाय दिल्ली को भारत की राजधानी बनाने का ऐलान किया गया। 1940: प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ शरद पवार का जन्म हुआ। 1950 : दक्षिण भारतीय सिनेमा के चर्चित सितारे और बेहद लोकप्रिय अभिनेता रजनीकांत का जन्म। रजनीकांत उनका फिल्मी नाम है, जबकि उनका वास्तविक नाम शिवाजी राव गायकवाड़ है।1958 : विल्सन जोन्स अमेच्यर बिलियर्ड्स में विश्व चैंपियन बने। 1964 : ब्रिटेन से आजादी के एक वर्ष बाद केन्या एक गणराज्य बना। 1988 : दक्षिण लंदन में तीन रेलगाड़ियां आपस में टकरा जाने से 35 लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक सौ से ज्यादा लोग घायल हुए। 2005 : प्रसिद्ध भारतीय फ़िल्म निर्देशक तथा ख्यातिप्राप्त धारावाहिक 'रामायण' के निर्माता रामानन्द सागर का निधन हुआ। 2009 : डेमोक्रेटिक नेता एनीस पार्कर की जीत के साथ ही ह्यूस्टन उस समय का अमेरिका का सबसे बड़ा शहर बन गया, जिसने एक समलैंगिक को अपना मेयर चुना।

अनिश्चित भविष्य से जूझते विदेशों से पढ़कर लौटे मेडिकल ग्रेजुएट्स



डॉ. देवेन्द्र नाथ शर्मा

ऐसे ग्रेजुएट्स हमारे ही बच्चे हैं अतः बेहतर तो यह होगा कि जिन देशों से भारतीय विद्यार्थी पढ़ कर आते हैं, वहां तथा भारत के मेडिकल पाठ्यक्रमों का राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद तुलनात्मक विश्लेषण कर चिन्हित अंतरों या गैप के आधार पर इन विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट्स के लिए ब्रिज पाठ्यक्रम तैयार करवावे द्य आवश्यकतानुसार 6-12 माह की अवधि के इस सशुल्क ब्रिज पाठ्यक्रम को देश के चिन्हित सरकारी महाविद्यालयों को संचालित करने की ज़िम्मेदारी दी जा सकती है । विदेश से पढ़कर आने वाले हर मेडिकल ग्रेजुएट के लिए इस ब्रिज पाठ्यक्रम को पूर्ण व उत्तीर्ण करना बाध्यताकारी हो। इससे विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट्स के ज्ञान, दक्षता, कौशल व प्रशिक्षण के स्तर में जो कुछ भी कमियां रह गई होंगी उन्हें दूर करने में मदद मिल सकेगी द्य 'विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट परीक्षा' को उत्तीर्ण करने की पात्रता पूर्ण करने सफ्लता दर बढ़ सकेगी द्य इससे अंततः हर वर्ष अधिक चिकित्सक भारत को मिल सकेगें।

हर वर्ष हजारों की संख्या में भारतीय विद्यार्थी विदेशों में मेडिसिन की पढ़ाई करने जाते हैं। भारत में सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में सीट प्राप्त करने के लिए कड़ा मुक़ाबला करना होता है और निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में लगने वाली भारी-भरकम फीस व अन्य ख़र्च को वहन करने की क्षमता न होने के कारण हजारों विधार्थी उन देशों के चिकित्सा महाविद्यालयों में पढने जाते हैं, जहाँ से उन्हें भारत के निजी चिकित्सा महाविद्यालयों की तुलना में काफी कम ख़र्च में मेडिकल डिग्री हासिल हो जाती है। परन्तु विडम्बना यह है कि विदेश से मेडिकल डिग्री लेकर वापिस लौटने के बाद अपने ही देश में इन्हें कई बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है जिसमें कठिन विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट परीक्षा, इंटर्नशिप के अवसरों की कमी तथा नौकरी प्राप्त करने में भेदभाव वाला बर्ताव शामिल है।

भारत में राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद् से मान्य 431 सरकारी व 349 निजी चिकित्सा महाविद्यालय हैं द्य इन महाविद्यालयों में एमबीबीएस पाठ्यक्रम लगभग 1 लाख 28 हजार सीटें हैं जिन पर प्रवेश के लिए गत वर्ष आयोजित प्रवेश परीक्षा नीट में 23 लाख से ज़्यादा इस विद्यार्थी शामिल हुए थे।

कड़े मुकाबले के कारण सरकारी महाविधालयों में प्रवेश न मिल पाने तथा विदेश में यह पढाई काफी किफायती होने के कारण हर साल औसतन 25 हज़ार विद्यार्थी विदेशों में मेडिकल कोर्स करने चले जाते हैं। हालाकि, भारत लौट कर बतौर चिकित्सक नौकरी या प्रेक्टिस करने की मंशा से विदेश में चिकित्सा शिक्षा महाविधालयों में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए भारतीय चिकित्सा परिषद् ने वर्ष 2020 से भारत में आयोजित नीट की परीक्षा को उत्तीर्ण करना ज़रूरी कर दिया है । विदेश में मेडिकल की पढ़ाई पूर्ण करने में लगभग 35 से 45 लाख रुपये तक का व्यय करना पड़ता है, जिसमें पढाई की कुल अवधि का शिक्षण शुल्क, आवास-भोजन, वीज़ा, एजेंट कमीशन आदि शामिल है। इसकी तुलना में भारत में निजी चिकित्सा महाविधालय से डिग्री हासिल करने हेतु पढाई की कुल अवधि में लगभग 70 से 110 लाख रुपये व्यय करना पड़ जाता है ।

विदेशों से मेडिकल की पढ़ाई करके लौटने वाले विद्यार्थियों के लिए भारत में प्रैक्टिस करने या नौकरी पाने के रास्ते में कई रुकावटें है। पहले तो इन्हें राष्ट्रीय चिकित्सा

परिषद् द्वारा आयोजित की जाने वाली 'विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट परीक्षा' को न्यूनतम 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण करना होता है। हालाकि, पाँच विकसित देशों ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूज़ीलैंड, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राष्ट्र अमेरिका से पढ़ कर आने वाले मेडिकल ग्रेजुएट्स को इस परीक्षा में शामिल होने की बाध्यता से छूट है । इस परीक्षा में विधार्थियों के सफल होने की दर औसतन 15–20त्र ही होती है द्य अलग-अलग देशों से पढ़ कर आये मेडिकल ग्रेजुएट्स के द्वारा इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने वालों की दरें अलग-अलग होती है। 2024 में बांग्लादेश के 26%, फिलीपींस के 24%, रूस के 24%, यूक्रेन के 21%, नेपाल के 19त्र, बेलारस के 19%, चीन के 15त्र, मारिशस के 15त्र, अर्मेनिया के 11%, मॉरिशस के 15% मेडिकल ग्रेजुएटस ही इस परीक्षा को उत्तीर्ण कर पाये थे द्य परीक्षा पास न कर पाने के कारण हज़ारों की संख्या में विदेश से मेडिकल डिग्री हासिल कर चुके भारतीय विद्यार्थी बेरोज़गारी की अवस्था में है या अन्य प्रकार के कम तनख्वाह के या अपने शैक्षणिक स्तर से नीचे के रोज़गार को करने के लिए मजबूर हैं ।

इस परीक्षा के उत्तीर्ण विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट को रजिस्ट्रेशन कराने के बाद 1 वर्ष की इंटर्नशिप या रेजिडेंसी प्रोग्राम करना ज़रूरी है। यह भी इतना आसान नहीं है द्य बहुत से निजी मेडिकल कॉलेज इस हेतु 4 से 6 लाख रुपया तक वसूलते हैं। सरकारी चिकित्सा महाविधालय में अपवाद को छोड़ कर ऐसी कोई राशि इंटर्न को नहीं देना होता है द्य यद्यपि विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट के लिए तमिलनाडू में तीन सरकारी मेडिकल कॉलेज तय हैं जिनमें तीन लाख रुपये की फीस देकर इंटर्नशिप की जा सकती है । इस रेजिडेंसी प्रोग्राम या इंटर्नशिप के बाद भी विदेश से मेडिकल डिग्री हासिल करने वाले विद्यार्थी को भारतीय मेडिकल ग्रेजुएट से मुक़ाबला करना पड़ता है क्योंकि कई रोजगार-प्रदाता इनकी विदेशी मेडिकल डिग्री को मान्यता नहीं देते हैं या उन्हें ज्ञान व कौशल में कमतर मानकर उनसे भेदभाव करते हैं ।

यह सही है कि भारतीय चिकित्सा महाविधालय में निकले ग्रेजुएट्स की तुलना में इन विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट्स में ज्ञान, कौशल और प्रशिक्षण का गैप रह जाता है द्य जिस देश में वे पढ़ चुके होते हैं वहाँ बीमारियों के फैलने के मामले, क्लिनिकल प्रैक्टिस प्रोटोकोल्स अलग-अलग हो सकते हैं। जिन देशों में मलेरिया, डेंगू, टायफाइड जैसी बीमारियों के मामले कम होते हैं, वहां उनकी पढ़ाई कम होती हैद्य कुछ विदेशी मेडिकल कॉलेजों में पाठ्यक्रम में प्रिवेंटिव और कम्युनिटी मेडिसिन पर ज़ोर नहीं दिया जाता ।

विदेश से आने वाले मेडिकल ग्रेजुएट्स के विषय में एक धारणा यह भी है कि वे अमीर पालकों की संतान होते हैं जबकि यह सच नहीं है । विदेश जाकर मेडिकल की पढ़ाई करने वाले अधिकतर विद्यार्थी मध्यम आय वर्ग के होते हैं द्य सरकारी महाविधालयों में सीट न मिलने पाने विधार्थियों के अमीर वर्ग के पालक तो अपनी संतानों को भारत में ही निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में ऊँची ऊँची फ़ीस देकर अपने बच्चों की पढ़ाई करवा लेते हैं । एनआरआई और मैनेजमेंट कोटा भी भारत में निजी चिकित्सा महाविधालयों में उन विधार्थियों के लिए प्रवेश का आसान माध्यम है जिनके धनाड्य पालक 1 करोड़ से अधिक फीस आसानी से अदा कर सकते हों, भले ही नीट में उनके अंक बहुत ही कम आये हों ।

ऐसी स्थिति में विदेशी चिकित्सा महाविधालयों से पढ़ कर आये ग्रेजुएट्स को उनके तथा भारत के चिकित्सा पाठ्यक्रम की तुलना कर उनमें अंतरों या गैप की प्रतिपूर्ति अतिरिक्त पढाई से कर लेनी चाहिए ताकि 'विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट परीक्षा' को उत्तीर्ण होने में उन्हें सुविधा हो।

बहुधुरी कूटनीतिः आंकड़ों में दिखता भारत का बदलता वैश्विक प्रभाव

रवि कुमार माँझी

खनिज सुरक्षा साझेदारी में भारत का सम्मिलन, IMEC ढांचे का अंतिम चरण, और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को वैश्विक सार्वजनिक-संपदा के रूप में प्रस्तुत करना ये सभी कदम भारत को वैश्विक प्रणाली में एक नियम-निर्माता के रूप में स्थापित करते हैं।

दरअसल, उपलब्ध आँकड़े साबित करते हैं कि भारत की विदेश नीति अब एक धुरी चुनने पर आधारित नहीं है, बल्कि कई धुरियों पर संतुलन साधने पर केंद्रित है। वैश्विक ध्रुवीकरण के इस दौर में भारत की यही रणनीति उसे न केवल स्थिरता प्रदान करती है, बल्कि उसे उभरती विश्व-व्यवस्था में एक निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित करने की क्षमता भी रखती है।

वैश्विक शक्ति-संतुलन लगातार बदल रहा है। एक ओर पश्चिमी प्रतिबंधों और टैरिफ़ नीतियों का दबाव है, दूसरी ओर यूरेशियाई भू-राजनीति के तनाव बढ़ रहे हैं। ऐसे दौर में भारत ने बहुधुरी कूटनीति को एक रणनीतिक ढांचे के रूप में अपनाया है जिसकी झलक हालिया आँकड़ों में साफ दिखाई देती है। ऊर्जा सुरक्षा के मोर्चे पर भारत ने अपनी स्थिति अत्यंत व्यावहारिक रखी है। वर्ष 2024 में भारत का लगभग 40 प्रतिशत कच्चा तेल रूस से आयात हुआ, जिसने वैश्विक तेल बाज़ार की अस्थिरता के बीच घरेलू ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित की। हालांकि 2025 के अंत तक रूसी तेल आयात घटकर 6 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया जो तीन वर्षों का न्यूनतम है, फिर भी यह भारत की विविधीकृत ऊर्जा रणनीति का संकेत है। गैस क्षेत्र में भी क़तर-भारत के बीच 78 बिलियन डॉलर का 20 वर्ष का Liquefied Natural Gas करार दीर्घकालिक स्थिरता प्रदान करता है। रक्षा एवं तकनीक में भी भारत का संतुलन स्पष्ट है। घरेलू रक्षा उत्पादन बढ़ाने के प्रयासों से 2024-25 में भारत के रक्षा निर्यात 23,622 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुँचे। दक्षिण-पूर्व एशिया को ब्रह्मोस की आपूर्ति यह दर्शाती है कि भारत धीरे-धीरे उपभोक्ता से सुरक्षा-प्रदाता की भूमिका में परिवर्तित हो रहा है।

दूसरी ओर, भारत-अमेरिका साझेदारी में तकनीक और अंतरिक्ष सहयोग के नए अध्याय खुल रहे हैं, लेकिन व्यापारिक आयाम चुनौतियाँ भी पेश करते हैं। अगस्त 2025 में अमेरिका ने चुनिंदा भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत टैरिफ़ लगा दिया, जो आने वाले वर्षों में भारत की निर्यात रणनीति को प्रभावित कर सकता है।

चीन के साथ भारत के आर्थिक संबंधों में असंतुलन अधिक गंभीर है। वर्ष 2020ङ्क21 से 2024-25 के बीच भारत का चीन को निर्यात 33 प्रतिशत घटा, जबकि चीन से

आयात 74 प्रतिशत बढ़ा। इसके साथ ही चीन द्वारा तिब्बत के आसपास 600 से अधिक 'शियाओकांग' (सर्वसुविधायुक्त) बस्तियों का निर्माण, सीमा-क्षेत्रीय चुनौतियों को और जटिल बनाता है।

भारत की बहुधुरी नीति का सबसे उभरता आयाम ग्लोबल साउथ है। भारत ने 2024 में आयोजित वॉयस ऑफग्लोबल साउथ समिट में 123 देशों को साथ लाकर एक व्यापक मंच तैयार किया। त्र20 शिखर सम्मेलन में अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्यता दिलवाना भारत की कूटनीतिक सफ्लता का उल्लेखनीय उदाहरण है। तुलना के लिए, चीन ने स्नह्रष्ट 2024 में अफ्रीका को 50.7 बिलियन डॉलर की सहायता की घोषणा की जबकि भारत की रणनीति डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर साझा करने जैसी क्षमता-निर्माण पहलों पर आधारित है, न कि भारी वित्तीय सहायता पर।

व्यापार समझौतों के क्षेत्र में भी बड़ा परिवर्तन देखा जा रहा है। भारत European Free Trade Association के तहत 100 बिलियन डॉलर का निवेश लक्ष्य तय हुआ है, लेकिन दूसरी ओर Free Trade Association साझेदार देशों के साथ व्यापार घाटा 2025 की दूसरी तिमाही में 23 प्रतिशत से बढ़कर 26.7 बिलियन डॉलर पहुँच गया। UAE से आयात 70.37 प्रतिशत बढ़ने से 3.5 बिलियन डॉलर का व्यापार घाटा उत्पन्न हुआ जो भारत की FTA नीतियों की समीक्षा की आवश्यकता बताता है। पड़ोस में भी चुनौतियाँ उभरती रही हैं। बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता के कारण भारत की प्रमुख परियोजनाएँ जैसे अखौरा-अगरतला रेल लिंक और ढाका-टोंगी-जॉयदेबपुर कॉरिडोर देरी और लागत-वृद्धि से प्रभावित हुई हैं, जिससे क्षेत्रीय संपर्कता पर असर पड़ सकता है। इन चुनौतियों के बावजूद, बहुधुरी कूटनीति भारत को अवसर भी प्रदान कर रही है। खनिज सुरक्षा साझेदारी में भारत का सम्मिलन, IMEC ढांचे का अंतिम चरण, और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को वैश्विक सार्वजनिक-संपदा के रूप में प्रस्तुत करना ये सभी कदम भारत को वैश्विक प्रणाली में एक नियम-निर्माता के रूप में स्थापित करते हैं।

दरअसल, उपलब्ध आँकड़े साबित करते हैं कि भारत की विदेश नीति अब "एक धुरी चुनने" पर आधारित नहीं है, बल्कि "कई धुरियों पर संतुलन" साधने पर केंद्रित है। वैश्विक ध्रुवीकरण के इस दौर में भारत की यही रणनीति उसे न केवल स्थिरता प्रदान करती है, बल्कि उसे उभरती विश्व-व्यवस्था में एक निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित करने की क्षमता भी रखती है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जब घंटो इंतजार में



जब घंटो इंतजार में बिताते थे तेरे आते ही चेहरे खिल जाते थे फिर रुसवा होता था हर बार तू हर बार हम ही तुम्हे मनाते थे। धीरे धीरे मुस्कान आंसू में बदली हम नादान थे फिर भी पगले से जो कहा तूने पत्थर की लकीर थी हर बार अपनो से रिश्ते तोड़ लेते थे। जिसे जो कहने को कहते कह देते पर साथ मिला न किसी कीमत पर बेबसी बदली खीज मे खीज चीख में चीख फिर मौन हो गई और शून्य मैं।

– इंदु वत्स

अख्खड़ सी थोड़ी

अख्खड़ सी थोड़ी शैतान हूँ तो कभी नादान हूँ अपनों की नज़र का अपनी पहचान हूँ.. गुज़र जाए दिन बीत गए कई साल... एक उम्र बीती अपनी अपना ही अंदाज़ हूँ... थोड़ी सी सिरफिरी थोड़ी सी बेपरवाह हूँ रहती हूँ अपने संग लेकिन अपनों में... बेशुमार हूँ... अपने उसूलों का अपने आईने का ज़िंदगी का क़िरदार हूँ... कि प्रेम रंग में घुल, प्रेम से परे एहसासो के घेरे में समैं प्रेम हूँ..!!

– नंदिता तनूजा

आश्रय सूखे पेड़ से, पाती नन्ही जान

आश्रय सूखे पेड़ से, पाती नन्ही जान। हरी पत्तियां गा रहीं,नये जीवन का गान।। आंधी में भी है खड़ा, सूखा वृक्ष विशाल। घर पक्षी का बन गई,उसकी सूखी ड़ाल।। – **शालिनी शर्मा**

तुमको पछतावा होगा क्या? अपनी की

तुमको पछतावा होगा क्या? अपनी की उन भूलों पर, हाथ रखा क्यों तुमने अपना? जहरीले उन शूलों पर। बार बार की गलती को तुम दोहराना अब बंद करो, कह दो चलना सीख लिया है अपने बने असूलों पर।।

– संजय कुमार गिरि

कभी-कभी ज़िंदगी हमसे

कभी-कभी ज़िंदगी हमसे सिर्फ एक ही सवाल पूछती है- "तुम कितनी बार उठे?" गिरना तो हर किसी की कहानी है लेकिन उठना? वो सिर्फ बहादुरों का हिस्सा होता है। इस कविता ने सच में दिल छू लिया मकड़ी की कोशिश, शेर का आत्मविश्वास, और लाचित बोरफूकन की आग– इन सबमें एक ही बात छिपी हैः लड़ोगेज तभी जीतोगे। – **राम किशोर उपाध्याय**

ज़िंदगी का गणित बड़ा सीधा-सा है

ज़िंदगी का गणित बड़ा सीधा-सा है जहाँ जोड़ना चाहिए वहाँ लोग घटाने लगते हैं, जहाँ बांटना चाहिए, वहाँ सब अपने हिस्से का बचाने लगते हैं। ज़िंदगी का हिसाब यह सिखाता है कि ज़िंदगी उतना ही खुबसूरत है जितना हम उसके सवालों को मुस्कुराकर हल कर लेते हैं। – **मीनाक्षी सिंह**

तुम्हारा दिल हुआ जो धाम है इसका

तुम्हारा दिल हुआ जो धाम है इसका बताओ क्या मुहब्बत नाम है इसका बुरा किसको कहें ग़लती हमारी थी ये दुनिया है यही तो काम है इसका मुहब्बत कर तो ली तुमने मगर देखो भुगतना तुमको ही अंजाम है इसका वफ़ा करके मिलेगी बेवफ़ाई ही ज़माने भर में किस्सा आम है इसका बहेंगे अश्क आँखों से तुम्हारी बस ये तन्हाई फ़क़त ईनाम है इसका।

– मित्र ग़ाज़ियाबादी

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन आप स्वयं को अन्य लोगो से श्रेष्ठ आंकेंगे मनमाना व्यवहार करने से आस पास रहने वालों को असुविधा होगी व्यर्थ की बहस भी होगी।

वृषः आज भी मध्यान तक का समय गरमा गरमी वाला रहेगा आपके द्वारा किये कार्य सही दिशा में नही जाएंगे। महिलाओ में आत्मबल अधिक रहेगा लेकिन ईर्ष्या के कारण कार्य मे गड़बड़ करेंगी।

मिथुनः आज के दिन आप ना चाहकर भी व्यर्थ के झगड़ो में पड़ेंगे मन मे अहम की भावना गलती करने पर भी झुकने नही देगी। लंबी यात्रा आज ना करें ठंडे प्रदार्थो से परहेज रखें।

कर्कः आप आज के दिन किसी बहुप्रतीक्षित कार्य को लेकर बेचैन रहेंगे अधूरे कार्य पूर्ण करने की जल्दी रहेगी जल्दबाजी में कुछ कार्य बिगड़ भी सकते है इसका ध्यान रखें। अविवाहितो के लिए रिश्ते आएंगे।

सिंहः आज मध्यान तक स्थिति आपके पकड़ में रहेगी इसके बाद पुरानी बात को लेकर किसी से झगड़ा होने पर मानसिक अशांति बनेगी। महिला वर्ग अतिआत्मविश्वास की भावना से ग्रस्त रहेंगी।

कन्याः आज के दिन का पूर्वार्ध कुछ ख़ास नहीं रहेगा दैनिक कार्य सामान्य गति से चलते रहेंगे। कार्य क्षेत्र पर विलम्ब के कारण व्यवसाय की गति धीमी रहेगी।

तुलाः आज का दिन परिश्रम साध्य रहेगा मध्यान तक मेहनत का फल ना मिलने पर क्रोध आएगा। संध्या बाद स्थिति पक्ष में आने लगेगी।

वृश्चिकः आज का दिन आपको राज समाज से लाभ के साथ-सातः मान-सम्मान भी दिलाएगा। कारोबारी लोग रुके हुए कार्य सहायता मिलने से पूर्ण कर सकेंगे। जननेंद्रित संबंधित समस्या रह सकती है पानी अधिक पियें।

धनुः आज का दिन उठापटक वाला रहेगा खर्च आज अनियंत्रित होंगे। दिन व्यावसायिक दृष्टिकोण से आपके लिए लाभदायक रहेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति होगी। भाग्योदयकारक समय रहेगा।

मकरः आज भी मध्यान तक व्यर्थ की भागदौड़ करनी पड़ेगी लेकिन नतीजा निराशाजनक ही रहेगा जिस भी कार्य को करने का प्रयास करेंगे उसमे ही विलंब के साथ कुछ ना कुछ कमी रहेगी।

कुंभः आज का दिन शारीरिक रूप से प्रतिकूल रहेगा। आकस्मिक दुर्घटना अथवा अन्य कारणों से शारीरिक कष्ट पहुँच सकता है। हाथ पैरों में भी शिथिलता रहेगी जिससे दैनिक कार्य कुछ प्रभावित रहेंगे।

मीनः आज का दिन लाभदायक रहेगा अकारण क्रोध से बचे अन्यथा लाभ के अवसर का फायदा कम मिलेगा।

QUIZ TIME

1) फर्जी एसएमएस से निपटने के लिए दूरसंचार विभाग ने 29 मई, 2024 को कौन-सी पहल शुरू की?

2) किस निजी बैंक ने लक्षद्वीप में अपनी पहली शाखा स्थापित की हैं?

3) दिदी की लाइब्रेरी पहल किस राज्य द्वारा शुरू की गई थी?

4) स्कारबोरो शोल, जो समाचारों में देखा गया था, किस सागर में स्थित है?

5) हाल ही में दुनिया की सबसे बड़ी पतंगा, एटलस मॉथ , किस राज्य में देखी गई है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) संचार साथी पहल (2) एचडीएफसी (3) त्रिपुरा (4) दक्षिण चीन सागर (5) कर्नाटक

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -256

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं : 1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे 1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, हुकूमत 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 255 का हल

अ	भि	षे	क		प	स		
जा	त		थ	प	थ	पा	ना	
य	र	का	नी		श्र		र	श्मि
ब	घा	र		क	ष्ट	प्र	द	
	त	ना	त	नी		वी		ब
अ		मा		ज	मा	त		ल
स	जा					क	ज	रा
बा		बे	स	हा	रा		ग	म
ब	सु	ला		रा	ज	दू	त	

न्यूज गैलरी

तानसेन समारोह के पूर्वरंग में सजी सुर: लहरियों की प्रात: बेला

राग: रंग और ताल: लय की अनूठी प्रस्तुतियों ने बाँधा समां

ग्वालियर/नवप्रदेश। संगीतधानी ग्वालियर में आयोजित होने जा रहे 101वें तानसेन संगीत समारोह के आमंत्रण स्वरूप पूर्वरंग संगीत सभाएँ निरंतर सुरङ्कसुगंध बिखेर रही हैं। शुक्रवार की प्रात: बेला में महारुद्रमंडल ग्वालियर में संगीत सभा का आयोजन हुआ, जिसका शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम का संयोजन जाह्नवी नाईक ने सुगठित शैली में किया।

पखावज की गूँज से गूंजा प्रात:काल

पूर्वरंग सभा संजय आफले के एकल पखावज वादन से आरम्भ हुई। उन्होंने ताल चौताल में परन, प्रकार और विस्तार प्रस्तुत कर श्रोताओं को प्राचीन लयङ्कवैभव से रूबरू कराया। तत्पश्चात उन्होंने ताल झम्पा की मनभावन प्रस्तुति दी। उनके साथ हारमोनियम पर विवेक जैन की संगत ने वादन की गरिमा में वृद्धि की

राग अहीर भैरव की रसङ्कधारा में भीगा वातावरण

सभा की दूसरी प्रस्तुति में महेश दत्त पाण्डये ने अपने मधुर गायन से सभी को मंत्रमुग्ध किया। सर्वप्रथम उन्होंने राग अहीर भैरव में विलम्बित ख्याल– ÷अबकी बैर उबारो÷ प्रस्तुत किया। इसके पश्चात मध्यलय ख्याल– ÷भई भोर प्यारे÷ गाकर राग की सम्पूर्णता को साकार किया। दोनों ही रचनाएँ पंडित कृष्णराव जी द्वारा रचित हैं, जिनकी भावङ्कगहनता पाण्डये जी के गायन में सहज रूप से अभिव्यक्त हुई। अंत में उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास रचित भजन– ÷तू दयालु दीन हो÷ प्रस्तुत कर सभा को भक्तिङ्करस में डुबो दिया। उनके साथ हारमोनियम पर संजय देवले और तबले पर विकास विपट ने उम्दा संगत दी। सभा में विशिष्ट अतिथि के रूप में शेखर कराड़कर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विनोद सिंह और कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल साखला जी ने की। गंगा दास की शाला के महंत रामसेवक दास जी सहित अनेक संगीतज्ञों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। यह गौरवपूर्ण आयोजन मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा, जिला प्रशासन, नगर निगम ग्वालियर और मध्यप्रदेश पर्यटन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। उस्ताद अलाउद्दीन ख़ाँ संगीत एवं कला अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, भोपाल द्वारा संरक्षित यह समारोह भारतीय शास्त्रीय संगीत की परम्पराओं का उत्कृष्ट संगम है।

जिला उपार्जन समिति द्वारा किया गया विभिन्न उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण

सेवा सहकारी समिति प्रबंधको को दिए निर्देश

नर्मदापुरम/नवप्रदेश। जिला उपार्जन समिति के सदस्य श्री हिमांशु जैन मुख्य कार्यपालन अधिकारी (उपार्जन नोडल) जिला पंचायत नर्मदापुरम, श्रीमती रश्मि साहू जिला आपूर्ति नियंत्रक नर्मदापुरम, श्री वासुदेव दवंडे जिला प्रबंधक वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन नर्मदापुरम तथा श्री अमित साहू कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी माखन नगर ने माखन नगर स्थित विभिन्न उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राधे वेअरहाउस शुक्करवाड़ा फार्म, तहसील माखन नगर आंखमउ सेवा सहकारी समिति द्वारा संचालित इस केंद्र पर लगभग1,000 मे. टन धान खुले में डम्प पाया गया। इसमें से लगभग500 मे. टन स्टैकिंग के लिये शेष तथा शेष 500 मे.टन खुले में रखी हुई थी। निरीक्षण के दौरान जब केंद्र प्रबंधक से धान की बिक्री, बुक स्लॉट, खरीदी गई मात्रा, स्टैकिंग हेतु लंबित धान तथा उपलब्ध हम्माल-तुलावटी की संख्या के बारे में जानकारी मांगी गई, तो प्रबंधक ने कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया। इस पर समिति ने निर्देश दिया कि दो दिवस के भीतर डम्प किया गया धान तुलाई कर, स्टैकिंग कर परिसर खाली किया जाए, ताकि आगामी स्लॉट वाले किसानों को ट्रालियों की लाइन में खड़ा न होना पड़े और उनका स्लॉट दिवस में ही पूरा हो सके।

राधे कृष्णा वेयरहाउस माखन नगर वृहताकार सेवा सहकारी समिति, बाबई द्वारा संचालित इस केंद्र पर 140मीट्रिक टन धान परिवहन हेतु शेष पाया गया। यहाँ उपलब्ध हम्माल-तुलावटी की संख्या की गिनती की गई और प्रबंधक को बुक स्लॉट की सूची चस्पा करने, खरीदी गई धान की तुलाई करने तथा पर्याप्त हम्माल-तुलावटी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। अर्पित वेयरहाउस आंखमऊ, तहसील माखन नगर कृषक सेवा सहकारी समिति, आरी द्वारा संचालित एवं मीनेस वेयरहाउस पिपरिया रोड, माखन नगर सेवा सहकारी समिति, बागरातवा द्वारा संचालित केंद्रो पर भी उपलब्ध हम्माल-तुलावटी की संख्या ली गई।

कलेक्टर सूर्यवंशी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य समीक्षा बैठक का आयोजन

दो बीएमओ, दो बीपीएम एवं दो बीसीएम को जारी किए कारण बताओ नोटिस

बैतूल/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। बैठक में जिला ओआईसी डॉ. अश्विनी भागवत एनएचएम भोपाल उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक लेकर समस्त राष्टीय कार्यक्रमों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने एएनसी पंजीयन सेवाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि एएनसी पंजीयन की उपलब्धि कम से कम पिछले वर्ष की उपलब्धि के बराबर अनिवार्य रूप से होना चाहिए। साथ ही दिये गये लक्ष्य की उपलब्धि भी शत प्रतिशत प्राप्त करें। उन्होंने कम उपलब्धि वाले विकासखंड मुलताई एवं घोड़ाडोंगरी के बीएमओ, बीपीएम एवं बीसीएम को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये एवं जिला स्तर से प्रतिदिन एएनसी पंजीयन की समीक्षा करने के निर्देश दिये। मॉडरेट एनीमिया अंतर्गत प्रबंधन में कम उपलब्धि पाए जाने पर निर्देश दिए की बीएमओ अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से पूर्ण दक्षता के साथ कार्य लेवे। उनकी समीक्षा करें कार्य न करने पर उन पर कार्यवाही करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाडे ने इस संबंध में सभी बीएमओ को निर्देश दिए कि सीएचओ एवं एएनएम को इस कार्य में लगाए। गर्भवती महिलाओं की प्रथम त्रैमास में ही अनिवार्य रूप से सिकल सेल स्क्रीनिंग करने के निर्देश दिये गये। पेंटा वैक्सीन कवरेज बैतूल ग्रामीण, भैंसदेही, घोड़ाडोंगरी, मुलताई, प्रभातपट्टन एवं शाहपूर को शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा विकासखण्ड अंतर्गत उप स्वास्थ्य केन्द्रवार उपलब्धि की समीक्षा की जाए, वहां जाकर देखे कि क्या समस्या है। शिशु मृत्यु वर्बल अटॉप्सी को 15 दिवसों में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी से समन्वय बनाकर एनआरसी में भर्ती एवं सेम वाले बच्चों को सेवाएं देने के निर्देश दिये। एसएनसीयू चिकित्सक को निर्देश दिये की एसएनसीयू से डिस्चार्ज बच्चों की सूची बीएमओं एवं बीपीएम ग्रुप में शेयर करें। क्षेत्र से बच्चों को रेफर करने से पहले जिला एसएनसीयू प्रभारी चिकित्सक से दूरभाष से बात कर ले। आरबीएसके चिकित्सक के लिए निर्देश दिये की जिस क्षेत्र में टीम जा रही है वहां पूर्व से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को पूर्व से सूचना दे। सेहरा विकासखण्ड में टीबी, एक्स-रे की कम उपलब्धि पर टेक्नीशियन को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। एनसीडी कार्यक्रम अंतर्गत आभा आईडी अनिवार्य रूप से बनाने के निर्देश दिये गयें। बैठक में कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री गौतम अधिकारी द्वारा एनआरसी कार्यक्रम, सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग कार्यक्रम, आरबीएसके कार्यक्रम एवं टीकाकरण कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पूर्ण सहयोग करने को कहा गया। बैठक में सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. जगदीश घोरे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश परिहार, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. प्रांजल उपाध्याय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री गौतम अधिकारी, मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी, खण्ड चिकित्सा

पीएमश्री स्कूलों में संचालित कार्यो का कलेक्टर ने लिया जायजा

शाला प्रभारी सहित शिक्षिका को निलंबित करने हेतु नोटिस जारी करने के निर्देश

एसडीओ एवं ईई के विरूद्ध निलंबन का प्रस्ताव भेजने के निर्देश

गोहेडा में उत्कृष्ट व्यवस्था के लिए सम्मानित होंगे प्राचार्य

श्योपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा आज पीएमश्री स्कूलों में संचालित गतिविधियों एवं विकास कार्यो का जायजा लिया गया, इस दौरान लापरवाही पाये जाने पर शाला प्रभारी सहित एक शिक्षिका को निलंबित करने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही एसडीओ तथा ईई आरईएस के विरूद्ध निलंबन का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये गये। इस दौरान विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन आदि की व्यवस्थाओं का आंकलन भी किया गया। भ्रमण के दौरान ईई आरईएस श्री रामअवतार अगरैया, परियोजना अधिकारी मध्यान्ह भोजन डॉ अजय उपाध्याय, परियोजना अधिकारी मनरेगा श्री विक्रम जाट, एसडीओ आरईएस श्री राहुल कनेरिया आदि उपस्थित रहें। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने पीएमश्री शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-02 श्योपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा विद्यालय में आरईएस द्वारा बनाये गये बॉलीवाल ग्राउंड का अवलोकन किया गया, इसके साथ ही विद्यालय स्टॉफ एवं बच्चों से चर्चा कर अध्ययन-अध्यापन की स्थिति का जायजा लिया गया। इसके अलावा मध्यान्ह भोजन का अवलोकन किया गया, विद्यालय में शिक्षिका श्रीमती शशि सिकरवार के बगैर सूचना अनुपस्थित पाये जाने तथा शाला प्रभारी श्री राजकुमार गुप्ता द्वारा स्टॉफ पर नियंत्रण न होने के चलते निलंबन की कार्यवाही हेतु कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। मैन्यू अनुसार भोजन नही मिलने पर मुकुल स्वसहायता समूह एवं मॉ दुर्गा स्वसहायता समूह की एक माह की राशि राजसात करने के निर्देश के साथ ही समूह का अनुबंध निरस्त करने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा पीएमश्री स्कूल गोहेडा के निरीक्षण के दौरान आरईएस द्वारा बनाये जा रहे अतिरिक्त कक्षो के कार्य का अवलोकन किया गया तथा कार्य में गुणवत्ता बरतने के निर्देश दिये। इसी के साथ पीएमश्री बडौदाराम हाईस्कूल के निरीक्षण के दौरान यहां बनाये जा रहे बॉस्केट बॉल मैदान का अवलोकन किया गया। उक्त सभी स्थानों पर गुणवत्ताहीन कार्य पाये जाने पर एसडीओ आरईएस श्री राहुल कनेरिया तथा ईई आरईएस श्री रामअवतार अगरैया के निलंबन का प्रस्ताव संभागायुक्त को भेजने के निर्देश दिये गये। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में आईटीसी लैब तथा टॉयलेट आदि व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया, आईटीसी लैब का संचालन नही होने तथा टॉयलेट में गंदगी पाये जाने पर प्राचार्य श्री बालचंद माहौर को हटाने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। गोहेडा में अतिरिक्त कक्ष के निर्माण में लापरवाही पर संबंधित ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश भी दिये गये।

एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत एक दिवसीय एनीमिया एवं पोषण आहार प्रशिक्षण किया गया आयोजित

नर्मदापुरम/नवप्रदेश। माखननगर ब्लॉक में एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत एक दिवसीय एनीमिया एवं पोषण आहार प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन ब्लॉक के सीएचओ और एएनएम के लिए किया गया, जिसकी देखरेख बीएमओ डॉ. कल्याणी यादव ने की। उक्त प्रशिक्षण शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, सतना से आए प्राध्यापक डॉ. पुष्पेंद्र साहू और डॉ. अम्बरीष मिश्रा द्वारा प्राइम लैंड होटल, नर्मदापुरम में आयोजित कार्यक्रम में दिया गया। उन्होंने बताया कि आयरन की कमी से जूझ रही गर्भवती महिलाओं को अब आयरन सुक्रोज के पाँच डोज़ के बजाय केवल एक डोज़ में एफसीएम (फेरिक कार्बोक्सिमाल्टोज़) इंजेक्शन दिया जाएगा। एफसीएम में मौजूद फेरिक कार्बोक्सिमाल्टोज़ शरीर में आयरन का स्रोत बनकर ऑक्सीजन परिवहन और लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण में मदद करता है। यह इंजेक्शन 10मिली की मात्रा में दिया जाता है और गर्भावस्था के दौरान एक बार ही लगाया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान सीएचओ, एएनएम और अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण से लेकर प्रसव तक की एएनसी (एंटीनेटल) देखभाल के लिए आवश्यक चार जांचों तथा उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के लिए अतिरिक्त चार से अधिक जांचों की आवश्यकता पर जोर दिया गया। साथ ही ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस में किशोरियों, महिलाओं और गर्भवती महिलाओं को प्रोटीन, आयरन, फोलिक एसिड, कैल्शियम, विटामिनडी, आयोडीन और फाइबर से भरपूर संतुलित आहार लेने की सलाह दी गई। हरी सब्जियां, फल, दालें, साबुत अनाज, डेयरी उत्पाद और पर्याप्त पानी के सेवन को प्रोत्साहित किया गया, जबकि मीठे और वसायुक्त भोजन से बचने और व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के महत्व को भी उजागर किया गया।

प्रशिक्षण का निरीक्षण सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत ने किया। उन्होंने कहा कि एनीमिया मातृ मृत्यु दर का एक प्रमुख कारण है, क्योंकि उचित पोषण की कमी से गर्भवती महिलाओं में जटिलताएँ उत्पन्न हो सकती हैं और इससे शिशु पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। डॉ. गेहलोत ने आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को नियमित रूप से सास-बहु सम्मेलन या अन्य सामुदायिक बैठकों में एनीमिया और पोषण आहार पर रिफ्रेशर प्रशिक्षण देने की आवश्यकता पर बल दिया। सम्पूर्ण व्यवस्था एसटीएस देवनारायण खापरे ने संभाली। उन्होंने प्रतिभागियों को एनीमिया से बचाव के लिए फ्लिप बुक वितरित की और प्रशिक्षण को सफल बनाने में सहयोग दिया।

ग्राम खालेकठई में वाटरशेड महोत्सव कार्यक्रम संपन्न

उमरिया/नवप्रदेश। किसानों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार का लक्ष्य - विधायक बांधवगढ वाटर शेड के तहत 6 ग्राम पंचायतों के 12 ग्रामों को मिल रहा लाभ - कलेक्टर उमरिया 12 दिसंबर - जिले के ऐसे क्षेत्र जहां पानी की उपलब्धता कम है, वहां पर वाटरशेड योजना के माध्यम से खेत तालाब आदि संरचनाओ का निर्माण किया जाकर किसानों को पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है, ताकि किसानों को पर्याप्त मात्रा में पानी मिल सके। उक्त आशय के विचार बांधवग? विधायक शिवनारायण सिंह ने ग्राम खालेकठई में कृषक सुविधा केंद्र में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए । उन्होने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व्दारा अक्टूबर माह में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना प्रारंभ की गई है, जिसका लक्ष्य 100 कम प्रदर्शन वाले जिलों में कृषि उत्पादकता और किसानों की आय ब?ाना है। उन्होने ग्रामीणों को आव्हान करते हुए कहा कि गेहू, धान के साथ साथ के दलहन एवं तिलहन की खेती करना प्रारंभ करे और अपनी आय को दोगुना करें । केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानों की आय को दोगुना करने के लिए कृत संकल्पित है। किसानों के चेहरो के खुशहाली आए,यही सरकार का लक्ष्य है । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिले में दो वाटरशेड योजना स्वीकृत है, जिसमें अमडी एवं खालेकठई शामिल है। वाटरशेड योजना के तहत 6 ग्राम पंचायतों के 12 ग्रामों को इसका लाभ मिल रहा है ।जिले में 85 स्थानों पर बोरी बंधान के माध्यम से जल संरक्षण किया गया है । प्रधानमंत्री व्दारा प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना में उमरिया जिला भी शामिल है। योजना के तहत किसान दलहन एवं तिलहन की खेती करें और आय अर्जित करें । कृषि के क्षेत्र में उन्नति लाने के लिए सरकार निरंतर रूप से कार्य कर रही है । उन्होने कहा कि वाटरशेड कार्य में कुल 53 कार्य लागत 526.50 लाख रूपये एवं जल भंडारण क्षमता 638500 घनमीटर के व्दारा 220 हे0 में सिंचाई क्षमता विकसित की गई । 46 हे0 परती भूमि कृषि योग्य भूमि मे परिवर्तित हुई है । 177 हे0 भूमि एक फसल से द्वि फसल में बदलाव किया गया । कार्यक्रम में वाटरशेड कार्य में अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में ग्राम बिरहुलिया के 15 सदस्यीय दलों व्दारा लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई । इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,प्रभारी एसडीएम कमलेश

त्यौदा तहसील क्षेत्र में कलेक्टर अंशुल गुप्ता का व्यापक निरीक्षण, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के दिए निर्देश

विदिशा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने शुक्रवार को त्यौदा तहसील क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का विस्तृत भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, चल रहे विकास कार्यो, ग्रामीणजन की व्यक्तिगत एवं सामुदायिक समस्याओं की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक समस्या का त्वरित और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

ग्रामों में सीधा संवाद, समस्याओं का तत्काल संज्ञान

भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री गुप्ता ग्रामीणों व स्वसहायता समूहो की महिला दीदीयों के बीच पहुंचे और उनसे सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, योजनाओं की स्थिति और आवश्यक सुविधाओं के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि शासन की प्रत्येक योजना का वास्तविक लाभ पात्र हितग्राहियों को मिलना चाहिए। ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य सुविधाओं, शैक्षणिक संसाधनों से जुड़ी समस्याएं भी बताईं जिन पर तत्काल कार्रवाई हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।

बागरोद कृषि उपज मंडी का निरीक्षण

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बागरोद कृषि उपज मंडी का निरीक्षण कर किसानों की बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली। किसानों से उपज तौल, खरीदी व्यवस्था एवं भुगतान से संबंधित समस्याएँ पूछीं। मंडी परिसर की स्वच्छता और व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बूड़ी बागरोद पहुँचकर ग्रामीण संस्थाओं की स्थिति जानी और आंगनवाड़ी केंद्र एवं बच्चों के पोषण आहार, उपस्थित बच्चों की संख्या, टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं को प्रदाय सेवाओं की समीक्षा की। कलेक्टर श्री गुप्ता ने निर्देश दिए है कि आंगनबाडी व शासकीय उचित मूल्य दुकान पंचायत भवन परिसर में ही संचालित किए जाएं। शासकीय विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों की उपस्थिति, शिक्षकों की उपलब्धता, मध्यान्ह भोजन तथा शिक्षण-सामग्री का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री गुप्ता ने पंचायत भवन में ग्रामीणों से आवेदनों की स्थिति जानी तथा लंबित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बागरोद में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने निगरानी के लिए गठित सतर्कता समिति के सदस्य से संवाद कर अद्यतन स्थिति का जायजा लिया है।

शांति धाम

कलेक्टर श्री गुप्ता ने ग्राम पंचायत कस्बा बागरोद में 9 बीघा अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराकर बनाए गए शांतिधाम का भी अवलोकन किया। यहां उन्होंने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाने पर बल दिया है।

नया गांव टप्पा

कलेक्टर श्री गुप्ता ने सहरिया बाहुल्य नया गांव टप्पा में पहुंचकर पीएम जनमन योजना के तहत संपादित किए गए कार्यो का अवलोकन किया। उन्होंने सहरिया जनजाति वर्ग के उत्थान हेतु किए जा रहे विशेष प्रयासो के संबंध में स्थानीय नागरिकों से संवाद कर अद्यतन स्थिति का जायजा लिया है। ग्राम की खिलानबाई से चर्चा के दौरान कलेक्टर ने जाना कि वृद्धावस्था पेंशन मिल रही है कि नहीं। हितग्राही ने बताया कि हर माह छह सौ रूपए मिलते है किन्तु लेने के लिए त्योंदा जाना पड़ता है। बैंकिग व्यवस्था के माध्यम से गांव में ही हितग्राहियों को पेंशन की राशि प्राप्त हो इसके लिए गांव के ही सहरिया जनजाति के पढे लिखे युवा-युवती को कियोस्क जैसी सुविधा संचालित कराई जाए। उन्होंने ग्राम पंचायत पिपरिया दौलत के नया गांव टपरा में प्रधानमंत्री जनमन आंगनबाडी मॉडल केन्द्र का भी निरीक्षण किया और परिसर में संचालित स्कूल में पहुंचकर बच्चों से संवाद किया है।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने त्यौदा तहसील कार्यालय का निरीक्षण करते हुए राजस्व प्रकरणों की प्रगति पर जानकारी ली। राजस्व अधिकारियों को समयसीमा में प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। तहसील कार्यालय में रखे अभिलेख, कर्मचारियों की उपस्थिति एवं सेवा वितरण की व्यवस्था की समीक्षा की।

न्यूज गैलरी

ग्राम खमडोढ़की और कापसी में वॉटरशेड महोत्सव आयोजित

कांकेर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वॉटर विकास घटक कोड़ेजुंगा परियोजनांतर्गत ग्राम खमडोढ़की और ग्राम कापसी में वॉटरशेड महोत्सव आयोजन किया गया। इस दौरान वॉटरशेड महोत्सव कार्यक्रम के बारे में जल और मृदा की उपयोगिता पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। मृदा वैज्ञानिक द्वारा मिट्टी परीक्षण उपरांत संतुलित उर्वरक के उपयोग एवं जल संरक्षण, दलहन, तिलहन फसलों के उत्पादन, दोहरी फसल एवं पराली (पैरा) प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा जल संरक्षण पर आधारित रंगोली, चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस अवसर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, ग्राम सरपंच, कृषि विभाग के अधिकारी तथा वाटरशेड परियोजना के अधिकारी-कर्मचारी सहित संबंधित ग्रामवासी और विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजनांतर्गत कुटीर उद्योग शुरू करने आवेदन आमंत्रित

कोण्डागांव/नवप्रदेश। राज्य शासन की मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के अजा, अजजा एवं अपिव वर्ग को सेवा क्षेत्र सायकल रिपेयरिंग, मोबाईल रिपेयरिंग, इलेक्ट्रनिक रिपेयरिंग ब्यूटि पार्लर, फोटो कापी, विडियोग्राफी, मंडप डेकोरेशन, कम्प्यूटर सेंटर होटल इत्यादि के लिये एक लाख रूपये एवं विनिर्माण क्षेत्र फेब्रिकेशन, दूध निर्माण, दोना पत्तल निर्माण, मोमबत्ती निर्माण, अगरबत्ती निर्माण, पशु चारा निर्माण, सिलाई कार्य, मसाला निर्माण, दलिया निर्माण, इत्यादि) के लिये 3 लाख रूपये तक का लोन बैंक के माध्यम से प्रदाय किया जाता है, जिसमे 35त्न अनुदान का लाभ दिया जाता है। इस योजना में हितग्राही को परियोजना लागत का 5त्न स्वयं लगाना होता है। आवेदक की आयु सीमा 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच होना है।

आवश्यक दस्तावेज में पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र (अकंसूची) ग्राम पंचायत अनापत्ति प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, बैंक पासबुक, पेनकार्ड, छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज शामिल है। इच्छुक व्यक्ति जिला पंचायत कार्यालय कोण्डागांव स्थित सहायक संचालक छ.ग. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड रूम नंबर 20 में स्वरोजगार हेतु आवेदन जमा कर सकते हैं।

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथि में किया गया संशोधन

कांकेर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य प्रारंभ किया गया है। आयोग द्वारा पूर्व में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों में संशोधन करते हुए समय-सीमा बढ़ाकर नवीन संशोधित तिथि जारी किया गया है। संशोधित तिथि के अनुसार मतदाताओं से गणना पत्रक प्राप्त करने की तिथि 11 दिसम्बर से बढ़ाकर 18 दिसम्बर 2025 किया गया है। इसी प्रकार मतदाता सूची का प्रारंभिक (प्रारूप) प्रकाशन 16 दिसम्बर के स्थान पर 23 दिसम्बर तथा 14 फरवरी के स्थान पर समयावधि बढ़ाते हुए 21 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इसी के साथ दावा आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही भी शुरू हो जाएगी। दावा आपत्तियां प्राप्त करने की तिथि 23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक निर्धारित किया गया है। ईआरओ द्वारा नोटिस जारी करने एवं सुनवाई 23 दिसम्बर से 14 फरवरी 2026 तक किया जाएगा।

खनिज एवं जिला व्यापार उद्योग केन्द्र की हुई समीक्षा बैठक

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के द्वारा खनिज विभाग एवं जिला व्यापार उद्योग केन्द्र की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर ने जिला उद्योग केन्द्र के विभागीय योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत बैंक शाखाओं द्वारा स्वीकृत, वितरित,लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए कहा कि स्थानीय ग्रामीण समुदाय के रुझान अनुरूप उन्हें विभिन्न व्यवसायों में जोड़ने के लिए उनके बैंक प्रेषित लोन प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कराने के लिए विभाग अतिरिक्त प्रयास करें।

कलेक्टर ने छात्रावास एवं स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण, कमियों को दुरुस्त करने दिए सख्त निर्देश

कोंडागांव/नवप्रदेश। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने बुधवार को माकड़ी विकासखंड के छात्रावास और स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने माकड़ी स्थित प्री. पोस्ट मेट्रिक कन्या छात्रावास का निरीक्षण कर छात्राओं को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने छात्रावास में छात्राओं द्वारा अपने कक्ष और परिसर में बनाए विभिन्न रचनात्मक कलाकृतियों का अवलोकन किया और उनकी सराहना की। इस दौरान कलेक्टर ने छात्रावास में पानी की समस्या को तुरंत दूर करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

स्वास्थ्य केन्द्रों का किया गहन निरीक्षण

कलेक्टर ने निरीक्षण के क्रम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर अनंतपुर, शामपुर और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र माकड़ी में स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य जांच एवं प्रसव की जानकारी ली। साथ ही उच्च जोखिम वाले गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की सतत निगरानी पर जोर दिया। सीएचसी माकड़ी में एनआरसी का निरीक्षण कर वहां भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके बेहतर देखभाल हेतु संबंधित स्टॉफको निर्देशित किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम कोण्डागांव अजय उरांव, तहसीलदार मनोज रावटे, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कृपेन्द्र तिवारी, जनपद पंचायत सीईओ गजेंद्र धुरडे, डीपीएम भावना माहलवार सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

नई गाइडलाइन दरों पर सुझाव एवं दावा–आपत्तियां आमंत्रित

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। कार्यालय उप पंजीयक द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार भूमि कारोबार से जुड़े सभी व्यक्तियों को सूचित गया है कि 20 नवंबर 2025 से प्रभावशील गाइडलाइन दरों के संबंध में यदि किसी को कोई सुझाव, दावा या आपत्ति प्रस्तुत करनी हो, तो वे इसे 20 दिसंबर 2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके लिए इच्छुक व्यक्ति जिला पंजीयक कार्यालय दंतेवाड़ा या उप पंजीयक कार्यालय दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा एवं कोंटा में कार्यालयीन समय के दौरान स्वयं उपस्थित होकर या डाक द्वारा अपने सुझाव, आपत्तियाँ जमा कर सकते हैं, ताकि उन पर नियमानुसार विचार किया जा सके।

कलेक्टर ने दूरस्थ वनांचल में सुनी समस्याएं

■ **धान खरीदी, पीएम आवास, स्वास्थ्य, स्कूल और आंगनबाडी, संचालन, पीडीएस राशन, महतारी वंदन, एसआईआर के संबंध में कलेक्टर ने ग्रामीणों से किया संवाद**

सारंगढ़ बिलाईगढ़,/ नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने जिले के बरमकेला ब्लॉक के दूरस्थ वनांचल ग्राम डोंगरीपाली में रात्रिकालीन जन चौपाल लगाकर वहां के ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का जमीनी हकीकत जाना। कार्यक्रम का उद्देश्य कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने डोंगरीपाली के ऐसे ग्रामीणों की सुविधा के लिए किया था, जो कलेक्टर जनदर्शन जैसे कार्यक्रम में जिला मुख्यालय सारंगढ़ नहीं पहुंच पाते थे और उनकी समस्या, मांग, शिकायत कलेक्टर तक नहीं पहुंच पाते थे। कलेक्टर एवं अधिकारियों के आगमन पर गांव में खुशहाली का माहौल था। ग्रामीणों ने सभी का स्वागत किया। चौपाल के अंत में कलेक्टर के साथ ग्रामीण महिलाओं और बच्चों ने सेल्फी लीं।

डॉ. कन्नौजे ने सभी ग्रामीणों से आंगनबाड़ी, स्कूल संचालन, मध्यान्ह भोजन, राशन दुकान के बारे में पूछा कि कोई समस्या तो नहीं। ग्रामीणों ने कहा कि मीडिल स्कूल का एक शिक्षक अनुपस्थित रहती है, जिसका नाम ग्रामीणों से लेकर कलेक्टर ने डीईओ और बीईओ को उसके संबंध में जानकारी के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार एक बालक ने मध्यान्ह भोजन में भरपेट भोजन नहीं मिलने की बात कही। कलेक्टर ने मध्यान्ह भोजन के संचालनकर्ता दल को और डीईओ को निर्देश दिए कि बच्चों को भरपेट भोजन खिलाएं। कलेक्टर ने धान खरीदी कार्य में कहा कि किसी भी किसान का एग्रीस्टेक में रकबा पंजीयन छूटा है तो तहसीलदार से उस रकबा को जोड़ सकते हैं। कलेक्टर ने गांव में पीएम आवास ग्रामीण के 259 स्वीकृत आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए और महतारी वंदन, एसआईआर के कार्यों के संबंध में जानकारी लिया। बिहान समूह की दीदियों ने जानकारी दी कि वे बकरी पालन और कपड़ा बुनाई का कार्य कर रही हैं। कलेक्टर ने कहा कि ग्राम सूखापाली की महिलाएं अमरूद की सामूहिक खेती कर रही हैं। इसके लिए वे लोन ली हैं। इसी प्रकार आप सभी भी लोन लेकर अच्छा कार्य करें। गांव में 9 समूह है, जिसमें 90 महिलाएं कार्यरत हैं। गांव में जल जीवन मिशन से पानी टंकी बन गया है, पाईप लाइन बिछ गई है और पानी सप्लाई चालू है।

30 घर में जहां पानी नहीं पहुंचा वहां कलेक्टर ने बोर खनन कर पानी पहुंचाने के निर्देश दिए। दिव्यांग बालिका अग्नि चौहान की मांग पर कलेक्टर ने एक सप्ताह में ट्रायसायकल देने के निर्देश समाज कल्याण अधिकारी को दिए। इसी प्रकार ग्रामीणों ने कॉलेज खोलने, अवैध शराब बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने और टॉवर लगाने की मांग की। कलेक्टर ने भूमिहीन ग्रामीणों को कहा कि वे सत्यापन कराएं और पोर्टल में ईकेवायसी कराएं ताकि उन्हें दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन ग्रामीण कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत 10 हजार रूपए का सहायता राशि का भुगतान किया जा सके। उल्लेखनीय है कि इसके लिए गांव में मुनादी कराया कराकर रात्रिकालीन जन चौपाल की सूचना दी गई जिसमें समय पर ग्रामीण जन, कलेक्टर और जिले के अधिकारीगण उपस्थित थे।

शाम का समय चुना गया ताकि दोनों पक्ष अधिकारियों और ग्रामीणों का नियत कार्य समाप्त होने पर, वे आपस में एक दूसरे के समक्ष उपस्थित होकर राज्य शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन के लिए संवाद के माध्यम से समस्या का निराकरण कर सके, यह कलेक्टर डॉ. कन्नौजे का पहल है।

दिव्यांगजनों के कृत्रिम अंग हेतु चिन्हाकन प्रमाणीकरण शिविर

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग कांकेर द्वारा जिले के दिव्यांगजनो के कृत्रिम अंग नकली हाथ/पैर बनाने हेतु मापन/चिन्हांकन शिविर का आयोजन शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय कोदाभाट कांकेर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। जिले के दिव्यांगजनो का पंजीयन हुआ तथा कास्टिंग किया गया शेष को परामर्श के साथ रिफर किया गया। शिविर मे फिजिकल रेफरल रिसर्स सेंटर माना कैप रायपुर डॉ विवेक सिंह फिजियोथेरेपिस्ट की 06 सदस्यीय के साथ जिला अस्पताल कांकेर की छः मेडिकल सदस्य टीम उपस्थित रह कर पूर्ण तत्परता निष्ठा के साथ दिव्यांगजनो का प्रमाणीकरण मापन/चिन्हांकन आदि कार्य किया गया शिविर में पहुँचे सभी दिव्याजन उिनके सहयोगीयो आदि कर्मचारीयो हेतु उत्तम स्वाल्पाहर/भोजन परिवहन आदि की व्यवस्था की गयी। उपसंचालक समाज कल्याण श्रीमती क्षमा शर्मा ने बताया कि इस शिविर में दुरस्थ क्षेत्रो से दिव्यांगजन पहुंचे और शासन को प्रशासन को बहुत धन्यवाद दिये है। इस प्रकार के शिविर का आयोजन होने से दिव्यांगो को अत्यधिक लाभ हुआ जो कि जागरूकता एवं परिवहन सुविधा के अभाव में अबतक इस लाभ से वंचित रहे। समाज कल्याण विभाग शिक्षा विभाग एवं चिकित्सा विभाग के संयुक्त प्रयास से बहुत से स्कुली छात्र छात्राओ ने भी इस शिविर में पंजीयन कराकर कृत्रिम अंग (नकली हाथ/पैर हेतु मापन कराया गया है।

केशकाल विख में 4875 शिक्षार्थियों ने दी उल्लास परीक्षा

केशकाल/नवप्रदेश। अनुराग सिन्हा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत केशकाल के नेतृत्व व चेतनलाल मण्डावी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में दिनाँक 07/12/2025 को राष्ट्रीय साक्षरता महापरीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। इस परीक्षा में कुल 6142 शिक्षार्थियों के द्वारा पंजीयन कराया था और कुल 164 परीक्षा केंद्रों के माध्यम से कुल 4875(97.50त्न) शिक्षार्थियों ने परीक्षा में अपनी सहभागिता दी।

राष्ट्रीय साक्षरता महापरीक्षा आयोजन का उद्देश्य समाज के उन सभी लोगों को औपचारिक शिक्षा से जोडना है जो किसी कारणवश पढ लिख नहीं थे। महापरीक्षा अभियान में आये महिला पुरूष शिक्षार्थियों ने सक्रिय भागीदारी दी। समस्त शिक्षक संकुल समन्वयकों को व संकुल प्रभारियों की नियुक्ति में परीक्षा शांतिपूर्ण व सुचारूरूप से आयोजित की गई ।राष्ट्रीय साक्षरता महापरीक्षा के आयोजन मे डी. एस. पोटाई, डी. पी. ओ., कोण्डागाव , चेतनलाल मण्डावी विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी दिपेश सेठिया, खण्ड स्रोत समन्वयक ज्ञानी साहू, खण्ड परियोजना अधिकारी माखनराम कोमरा ,शोएब अली संकुल समन्वयक एवं समस्त प्राचार्य आपरेटर बीआर पी के सहयोग से उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का विशेष योगदान रहा।

मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृति योजना अंतर्गत 30 दिसंबर तक कर सकेंगे आवेदन

पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को मिलेगी छात्रवृत्ति

कोण्डागांव/नवप्रदेश। श्रम विभाग अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं असंगठित कर्मकारों के बच्चों हेतु संचालित 'मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृति योजना' अंतर्गत निर्माण श्रमिकों एवं असंगठित कर्मकारों के प्रथम 02 बच्चों का योजना अंतर्गत लाभ दिया जा रहा है। जिसमें निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु देय लाभ में कक्षा 1 से 5 तक के छात्र को 1000 रूपए, छात्रा को 1500 रूपए, कक्षा 6 से 8 तक के छात्र को 1500 रूपए, छात्रा को 2000 रूपए, कक्षा 9 से 12वीं तक के छात्र को 2000 रूपए, छात्रा को 3000 रूपए, स्नातक के छात्र को 3000 रूपए, छात्रा को 4000 रूपए, स्नातकोत्तर के छात्र को 5000 रूपए, छात्रा को 6000 रूपए छात्रवृत्ति प्रदान किया जाएगा।

वहीं असंगठित कर्मकारों के बच्चों हेतु देय लाभ में कक्षा 1 से 5 तक के छात्र को 500 रूपए, छात्रा को 750 रूपए, कक्षा 6 से 8 तक के छात्र को 750 रूपए, छात्रा को 1000 रूपए, कक्षा 9 से 12वीं तक के छात्र को 1000 रूपए, छात्रा को 1500 रूपए, स्नातक के छात्र को 1500 रूपए, छात्रा को 2000 रूपए, स्नातकोत्तर के छात्र को 2500 रूपए, छात्रा को 3000 रूपए छात्रवृत्ति प्रदान किया जाएगा।

उपरोक्त योजना के अतिरक्त निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क गणवेश एवं पुस्तक कॉपी सहायता योजना संचालित है जिसके तहत् निर्माण श्रमिकों के बच्चों में कक्षा 1 से 8 तक को 1,000 रूपए एवं कक्षा 9 से 12 वीं तक के बच्चों को 2,000 रूपए शाला गणवेश एवं पुस्तक कॉपी हेतु प्रदाय किया जाता है। शिक्षा सत्र 2025-26 में अब तक विभाग द्वारा कुल 2548 निर्माण श्रमिकों एवं असंगठित कर्मकारों के पुत्र एवं पुत्रियों को 'मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना' अंतर्गत 47 लाख 95 हजार 750 रूपए से लाभान्वित किया गया है एवं 1873 निर्माण श्रमिकों के पुत्र एवं पुत्रीयों को निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क गणवेश एवं पुस्तक कॉपी सहायता योजना अंतर्गत 24 लाख 72 हजार रूपए से लाभान्वित किया गया है।

उक्त योजना का लाभ लेने हेतु पंजीकृत श्रमिक किसी भी लोक सेवा केन्द्र, च्वाईस सेंटर, श्रम संसाधन केन्द्र, जनपद पंचायत एवं श्रम पदाधिकारी कार्यालय कोण्डागांव या श्रमेव जयते एप्प के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए अंतिम तिथि 30 दिसंबर 2025 निर्धारित है।

बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायतों एवं निकायों में बाल विवाह संबंधी दावा आपत्ति आमंत्रित

कांकेर/नवप्रदेश। राज्य शासन के आदेशानुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले की 40 प्रतिशत ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त किया जाना है। जिले की 454 ग्राम पंचायतों में से 297 ग्राम पंचायतों एवं 05 नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त घोषित किये जाने हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि इन ग्राम पंचायतों व नगरीय निकायों में विगत दो वर्षों से अब तक एक भी बाल विवाह नहीं होना पाया गया है। यदि उक्त अवधि में इन ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में बाल विवाह हुआ हो तो जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग में सूचना प्रकाशन 30 दिसम्बर तक आवश्यक अभिलेखों सहित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि में दावा आपत्ति प्राप्त न होने पर इन ग्राम पंचायतां-नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने हेतु अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। बाल विवाह मुक्त अभियान हेतु प्रस्तावित ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों की सूची का अवलोकन जिला कार्यालय के सूचना पटल और जिले की वेब साईट www.kanker.gov.in पर किया जा सकता है।

नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

कांकेर/नवप्रदेश। जिला न्यायालय कांकेर एवं सभी तहसील स्तरीय न्यायालयों में 13 दिसम्बर शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बैंक संबंधी प्रकरण, बिजली बिल एवं टेलीफोन बिल विवाद, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण,.पारिवारिक एवं वैवाहिक विवाद, चेक बाउंस प्रकरण (धारा 138 एन.आई. एक्ट),सिविल एवं अन्य समझौतापूर्ण प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने जिले के नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे अपने लंबित प्रकरणों का आपसी समझौते के आधार पर त्वरित, सुलभ एवं निःशुल्क निराकरण कराने हेतु नेशनल लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाएँ। जिले के नागरिकों से उन्होंने आग्रह किया है कि वे निर्धारित तिथि को न्यायालय में उपस्थित होकर अपने प्रकरणों का शीघ्र समाधान प्राप्त करें।

पेज 1 का शेष

डिजिटल अरेस्ट से 3000...

बुजुर्गों और आम लोगों को इस साइबर जाल से बचाना अब बेहद जरूरी हो गया है, क्योंकि ऑनलाइन लुटेरे मिनटों में लोगों की पूरी जिंदगी की कमाई चट कर रहे हैं।

डिजिटल अरेस्ट के मामले तेजी से बढ़े

सांसद अग्रवाल ने बताया कि हाल के महीनों में छत्तीसगढ़ में इस तरह के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है, जिसमें छात्र, कारोबारी और वरिष्ठ नागरिक तक निशाना बन रहे हैं। उन्होंने कहा, डिजिटल इंडिया के इस दौर में साइबर सुरक्षा जनता का पहला अधिकार है। ठगों पर सख्त कार्रवाई जरूरी है। सरकार की ओर से आश्वासन दिया गया कि मंत्रालय इस विषय पर विस्तृत रिपोर्ट लेकर आएगा और आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

सामान्य ट्रांजैक्शन की प्रक्रिया में सुधार की मांग- बृजमोहन- बृजमोहन के अनुसार समस्या तब और गंभीर हो जाती है, जब डर और धमकी के माहौल में पीड़ित कुछ ही मिनटों में अपनी उम्रभर की बचत का 80 प्रतिशत -90 प्रतिशत तक रकम ट्रांसफर कर देते हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा बैंकिंग सिस्टम ऐसे मामलों को सामान्य ट्रांजैक्शन की तरह प्रोसेस कर देता है, जबकि इस प्रक्रिया में तत्काल सुधार की आवश्यकता है।

राज्यसभा में बोले कृषि मंत्री- किसानों ...

वह अमानवीय होगा क्योंकि तब कितनी होती थी, अब कितनी होती है यह कहना दुर्भाग्यपूर्ण होगा। लेकिन हमारा संकल्प है कि एक-एक व्यक्ति मानवीय गरिमा के साथ अपना जीवन जिये और उसमें हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। आत्महत्या के कई कारण होते हैं, कई बार विद्यार्थी भी कर लेते हैं, पेशेवर भी कर लेते हैं, व्यापारी भी कर लेते हैं, गृहिणियां भी कर लेती हैं।

इंडिगो पर एक्शन, 4 फ्लाइट...

गोपीनाथ ने कहा कि इंडिगो संकट शायद इसलिए बढ़ा, क्योंकि एयरलाइन संचालकों में घमंड और ओवरकॉन्फिडेंस आ गया था। इसलिए एयरलाइन हालात नहीं समझ पाई।

एनडीए की बैठक में ...

कल्याण मार्ग पर एनडीए सांसदों के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया। उन्होंने फेसबुक पोस्ट में लिखा कि एनडीए परिवार सुशासन, राष्ट्रीय विकास और क्षेत्रीय आकांक्षाओं की पूर्ति के साझा संकल्प का प्रतीक है।

डीआरएम सहित दो...

का ईस्ट सेंट्रल रेलवे में ट्रांसफर कर उनके स्थान पर आरके चौधरी को नियुक्त किया गया है। इसके पहले रेलवे बोर्ड ने सीनियर डीओपी मसूद आलम को फोर्स लीव पर भेजते हुए उनके स्थान पर शशांक कोष्टा को सीनियर डीओपी नियुक्त किया था।

वायु प्रदूषण: यह विचारधारा ...

और अन्य बड़े शहरों के प्रदूषण पर बात की। ये एक ऐसा विषय है जिसमें सभी पार्टियां सहमत हो सकती हैं। मैंने सुझाव दिया कि हमें सदन में प्रदूषण के मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए। इस विषय पर हमें एकमत होना चाहिए कि हम भविष्य की बात करेंगे और इस समस्या को हल कैसे किया जाए, उस पर चर्चा करेंगे। विशेषज्ञों की भी राय लेंगे और हम देश को दिखाएंगे कि हम प्रदूषण के विषय पर एक साथ काम कर सकते हैं। वहीं, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने संसद में प्रदूषण की स्थिति को लेकर चर्चा पर कहा, मैं पूरी तरह से सहमत हूं।

2027 जनगणना: कैबिनेट...

और सांख्यिकीय अभ्यास होगा। जनगणना 2027 अब तक की 16वीं और स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना होगी। जनगणना केंद्र का विषय है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देश में जनगणना अधिनियम, 1948 और जनगणना नियम, 1990 के तहत इसे किया जाता है। पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। कोविड महामारी के कारण जनगणना 2021 आयोजित नहीं की जा सकी। इससे पहले 16 जून 2025 को जनगणना 2027 की राजपत्र अधिसूचना जारी की गई। जनगणना 2027 की अनुमानित लागत 11,718 करोड़ रुपये होगी

30 लाख लोग जनगणना को देंगे अंजाम

कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि जाति गणना को भी जनगणना 2027 में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार स्व-गणना का भी विकल्प प्रदान किया जाएगा। जनगणना-एक-सेवा विभिन्न मंत्रालयों/राज्य सरकारों और अन्य हितधारकों को उपयोगकर्ता के अनुकूल, मशीन-पठनीय और कार्रवाई योग्य प्रारूप में डैशबोर्ड जैसी सुविधाओं के साथ डेटा उपलब्ध कराएगी। जनगणना के दौरान राष्ट्रव्यापी जागरूकता, समावेशी भागीदारी, अंतिम छोर तक जुड़ाव और जमीनी कार्यों के समर्थन के लिए लक्षित और व्यापक प्रचार अभियान चलाया जाएगा। इस कार्य में लगभग 30 लाख जमीनी कार्यकर्ता शामिल होंगे और 1.02 करोड़ मानव-दिवस का रोजगार सृजित होगा।

प्रदेश में दो साल में

उन्होंने कहा कि केन-बेतवा परियोजना के अंतर्गत ही मंदाकिनी-चित्रकूट के नाम पर उप परियोजना का नया प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। इससे चित्रकूट धाम के आसपास भी पर्याप्त जल उपलब्ध होगा, साथ ही बिजली उत्पादन भी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नदी जो?ो परियोजना के अंतर्गत सरकार अगले पांच साल में 100 लाख हेक्टेयर से अधिक कृषि रकबे को सिंचित करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 1988-90 से नक्सलियों की गतिविधियों की शुरुआत हुई थी। कभी ऐसी भी स्थिति रही कि राज्य में पुलिस की बसों को आग के हवाले कर दिया गया। उन्हीं के एक मंत्री की नक्सलियों ने हत्या कर दी। जबकि केंद्र और राज्य में कांग्रेस की सरकार थी। आज हमें गर्व है कि केंद्र सरकार के मार्गदर्शन में तय की गई डेडलाइन के अंदर ही राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश की भूमि से नक्सलियों को पूरी तरह से खत्म कर दिया है। मध्यप्रदेश 35 साल बाद नक्सल मुक्त हुआ। इस अभियान में कुछ जवानों को शहादत भी हुई। पिछले साल प्रमोशन मिलने के बाद इंस्पेक्टर आशीष शर्मा शहीद हुए। कल दो नक्सलियों के सरेंडर के साथ मध्य प्रदेश में नक्सलियों की संख्या शून्य

थाईलैंड और कंबोडिया फिर इसी मंदिर को लेकर आपस में भिड़े

थाईलैंड और कंबोडिया की जंग की आग अब विवादित हिंदू मंदिर प्रिया-विहार की दहलीज तक पहुंच गई है. थाईलैंड ने मंदिर के करीब एक क्रेन पर लगे कंबोडियाई सेना के कैमरे और सिग्नल जाम करने वाले उपकरण को मार गिराया. इस बीच थाईलैंड की सेना, बॉर्डर बदलने के लिए तैयार है और कंबोडिया के सीमावर्ती रिहायशी इलाकों में मार्च शुरु कर दिया है। दक्षिण-पूर्व एशिया में थाईलैंड और कंबोडिया के जंग के मैदान का एक वीडियो सामने आया है. ये वीडियो प्रिया-विहार मंदिर के करीब जंगल का है, जिसमें एक क्रेन को गिरते हुए देखा जा सकता है. बताया जा रहा है कि कंबोडिया ने थाईलैंड की सीमा में ताकझांक के लिए एक सीसीटीवी कैमरा लगाया था. साथ ही एक इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर उपकरण था, ताकि थाईलैंड की तरफसे आने वाले ड्रोन को जाम कर मार गिराया जाए. क्रेन के गिरने पर बैकग्राउंड में थाई सैनिकों के ठहाके मारकर हंसने की आवाज सुनाई दे रही है।

दोनों तरफ बढ़ रहा सैन्य दबाव

बैंकॉक स्थित सेना मुख्यालय में कंबोडिया के साथ सीमा की स्थिति पर ब्रीफिंग देते हुए थाई सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल विनथाई सुवरी. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, थाईलैंड की सेना ने यह घोषणा की है कि वह पड़ोसी देश की सेना को कमजोर कर देगी। जिसके जवाब में कंबोडिया ने कहा कि वह अपनी रक्षा करेगा।

सीमावर्ती इलाकों से लोगों का पलायन

पिछले एक हफ्ते से चल रहे टकराव के चलते लाखों की तादाद में दोनों देशों के सीमावर्ती इलाकों से लोगों का पलायन हो रहा है. थाईलैंड और कंबोडिया के बीच जुलाई के महीने से तनाव चल रहा है. उस दौरान भी दोनों देशों ने एक दूसरे पर हवाई हमले किए थे, जिसमें करीब 50 लोगों की जान चली गई थी और लाखों की संख्या में लोगों को बॉर्डर का इलाका खाली करना पड़ा थाझ्र।

मणिपुर का समावेशी, स्थायी विकास राष्ट्रीय प्राथमिकता : राष्ट्रपति मुर्मू

इंफाल(आईएएनएस)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को मणिपुर के नागा आदिवासी बहुल सेनापति जिले पहुंचीं, जहां उन्होंने एक सार्वजनिक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार मणिपुर के समावेशी और स्थायी विकास को सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय नेताओं, नागरिक समाज संगठनों और विभिन्न समुदायों के साथ मिलकर काम कर रही है। नागा जनजाति बहुल सेनापति जिले में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि विकास देश के हर कोने तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि दूरदराज के आदिवासी क्षेत्रों में विकास को गति देने पर विशेष ध्यान दिया गया है। मणिपुर की ताकत उसकी विविधता, संस्कृति, भाषाओं और परंपराओं में निहित है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, ÷पहाड़ियां और घाटी हमेशा एक ही खूबसूरत भूमि के दो किनारों की तरह एक-दूसरे के पूरक रहे हैं। मैं सभी समुदायों से शांति, समझ और सुलह के प्रयासों को जारी रखने का आग्रह करती हूं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि माराम नागा जनजाति मणिपुर में एकमात्र कमजोर जनजातीय समूह है। मैं आपकी चिंताओं और शांतिपूर्ण और समृद्ध भविष्य की आपकी इच्छा को पूरी सहानुभूति के साथ समझती हूं। मैं मणिपुर के लोगों, जिसमें आदिवासी क्षेत्रों के लोग भी शामिल हैं, से कहना चाहती हूं कि आइए हम एक शांतिपूर्ण और समृद्ध मणिपुर के लिए मिलकर काम करते रहें। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया, उनसे इस क्षेत्र में सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूती मिलेगी और सामुदायिक बुनियादी ढांचे में सुधार होगा।

मणिपुर के लोगों की आकांक्षाओं को पहचानती है सरकार

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार मणिपुर के लोगों की आकांक्षाओं को पहचानती है और आदिवासी समुदायों की गरिमा, सुरक्षा और विकास के अवसरों को प्राथमिकता देती है, जिससे राष्ट्र की प्रगति में उनकी अधिक भागीदारी सुनिश्चित होती है। पीएम जनमन योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस मिशन के तहत की गई पहल आदिवासी समुदायों, विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के जीवन को और बेहतर बनाएगी।

क्या हमें सभी को चांद पर भेज देना चाहिए : सुको

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका खारिज करते हुए पूछा कि ÷तो हमें सभी को चांद पर भेज देना चाहिए या कहीं और?"

याचिका में कहा गया था कि भारत की 75 प्रतिशत आबादी उच्च भूकंपीय क्षेत्र में है और अधिकारियों को भूकंप से होने वाले नुकसान को कम करने के निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता, जो खुद पेश हुए थे, उन्होंने न्यायाधीश विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच को बताया कि पहले यह माना जाता था कि सिर्फ दिल्ली उच्च भूकंपीय क्षेत्र में है, लेकिन हाल ही में यह नतीजा निकला है कि भारत की 75 प्रतिशत आबादी इसके अंदर आती है। इस पर बेंच ने पूछा, "तो हमें सभी को चांद पर भेज देना चाहिए या कहीं और?"

याचिकाकर्ता ने कहा कि हाल ही में जापान में एक बड़ा भूकंप आया था। बेंच ने कहा, "पहले हमें इस देश में ज्वालामुखी लाने होंगे, फिर हम इसकी तुलना जापान से कर सकते हैं।"

याचिकाकर्ता ने कहा कि अधिकारियों को भूकंप आने की स्थिति में नुकसान को कम करने के लिए इंतजाम करने चाहिए। जिस पर बेंच ने कहा, "इसका ध्यान सरकार को रखना है; यह कोर्ट ऐसा नहीं कर सकता।" और इसी के साथ याचिका को खारिज कर दिया।

बॉर्डर पर फर्जी आधार कार्ड रैकेट का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

बहराइच। यूपी के बहराइच में शुक्रवार को फर्जी तरीके से आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड को एसटीएफ ने रजनवा बॉर्डर से गिरफ्तार किया है। आरोपी पोर्टल के माध्यम से फर्जी जन्म और निवास प्रमाण पत्र तैयार करके आधार कार्ड बनाने में इस्तेमाल कर रहा था। अब तक उसने बॉर्डर पर ढाई हजार से अधिक लोगों के फर्जी आधार कार्ड बनाने का खुलासा किया है।

यूपी एसटीएफके अपर पुलिस अधीक्षक विशाल विक्रम सिंह ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में अवैध तरीके से आधार कार्ड बनाकर लोगों को बेचे जाने की सूचनाएं मिल रही थी। मामले की जांच कराई गई तो पता चला कि मुर्तिहा थाना क्षेत्र में 29 अक्तूबर 2025 को दर्ज मामले में इस रैकेट के कई सदस्य पहले ही पकड़े जा चुके हैं। शुक्रवार तड़के करीब 4:30 बजे गैंग के सरगना सेमरी मलमला गांव निवासी प्रमोद कुमार निषाद को नेपाल भागने की कोशिश करते समय रजनवा नेपाल बॉर्डर से दबोचा गया। आरोपी प्रमोद के पास से लैपटॉप, मोबाइल फोन, फर्जी दस्तावेज, बायोमैट्रिक व रेटिना स्कैनर, वेबकैम, चेकबुक, एटीएम कार्ड, एक आधार कार्ड, 2680 रुपये नकद तथा एक कार बरामद हुई है। पकड़े गए प्रमोद को भी मुर्तिहा कोतवाली में पहले से दर्ज मुकदमे में शामिल कर दिया गया है। एएसपी ने बताया कि आरोपी के बैंक खातों और वॉलेट की जांच शुरू कर दी गई है।

नेपाल भागने की फिराक में था सरगना

उनकी पूछताछ में प्रमोद निषाद का नाम प्रमुख रूप से सामने आया था। इस पर साइबर एक्सपर्ट समेत कई टीमों को लगाया गया तो पता चला कि फर्जी आधार कार्ड बनाने के गैंग का सरगना प्रमोद नेपाल भागने की फिराक में है। इस पर टीम ने मुर्तिहा कोतवाली क्षेत्र में घेराबंदी की।

राहुल गांधी ने वायु प्रदूषण का मुद्दा उठाया

नई दिल्ली। लोकसभा विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को सदन के अंदर वायु प्रदूषण का मुद्दा उठाया। इसी के साथ उन्होंने केंद्र सरकार से प्रदूषण की चुनौती से निपटने पर सवाल भी पूछा। राहुल गांधी ने सवाल करते हुए कहा कि इस कठिनाई से निपटने के लिए सरकार के पास अगले चार-पांच साल का क्या रोडमैप है?

राहुल गांधी ने अपने बयान में कहा कि हमारे अधिकांश प्रमुख शहर जहरीली हवा की चादर में लिपटे हुए हैं। लाखों बच्चे फेफड़ों की बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं। उनका भविष्य बर्बाद हो रहा है। लोगों को कैंसर हो रहा है। बुजुर्गों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि इस मुद्दे पर मुझे यकीन है कि सरकार और हमारे बीच पूरी सहमति होगी। यह कोई सोच का मुद्दा नहीं है। इस सदन में हर कोई इस बात से सहमत होगा कि वायु प्रदूषण, और इससे हमारे लोगों को हो रहे नुकसान, एक ऐसा मुद्दा है जिस पर हम सहयोग करना चाहेंगे। राहुल गांधी ने अपने बयान में आगे कहा, ÷मुझे लगता है कि बेहतर होगा कि हम चर्चा को इस तरह से आगे बढ़ाएं कि हम यह न कहें कि आपने क्या नहीं किया और आप यह न कहें कि हमने क्या नहीं किया, बल्कि सीधे इस बात पर ध्यान दें कि हम भविष्य में भारत की जनता के लिए क्या करने जा रहे हैं, हमें कौन से कदम उठाने होंगे।

बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया की हालत नाजुक

ढाका। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की हालत बेहद नाजुक है। हालिया अपडेट के अनुसार, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी प्रमुख को वेंटिलेटर पर रखा गया है। मेडिकल टीम ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी दी है।खालिदा जिया को सांस लेने में दिक्कत बढ़ने, ऑक्सीजन लेवल में गिरावट और कार्बन डाइऑक्साइड बढ़ने की वजह से शुरू में हाई-फ्लो नेजल कैनुला और बाइपैप मशीन पर रखा गया था।

टैरिफ वॉर के बीच भारत और अमेरिका के बीच एलपीजी को लेकर हुई बड़ी डील

नई दिल्ली। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि भारत ने पहली बार अमेरिका से बड़ी मात्रा में एलपीजी आयात करने का अनुबंध किया है। यह करार वर्ष 2026 के लिए किया गया है, जिसके तहत भारतीय सरकारी तेल कंपनियां लगभग 2.2 मिलियन टन एलपीजी खरीदेंगी। यह मात्रा देश के कुल वार्षिक आयात का करीब 10 प्रतिशत होगी।मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे बड़े और तेजी से बढ़ते एलपीजी बाजारों में शामिल है और अब अमेरिकी खाड़ी क्षेत्र से एलपीजी आयात का रास्ता आधिकारिक रूप से खुल गया है। इस खरीद के लिए माउंट बेल्वियू को मूल्य निर्धारण का आधार बनाया गया है। आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल के अधिकारियों ने हाल के महीनों में अमेरिका जाकर प्रमुख एलपीजी उत्पादकों से बातचीत की थी, जिसके बाद यह समझौता अंतिम रूप ले पाया। हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार एलपीजी की उपलब्धता और कीमतों को स्थिर रखने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष अंतरराष्ट्रीय कीमतें 60 प्रतिशत तक बढ़ने के बावजूद उज्ज्वला उपभोक्ताओं को सिलेंडर 500-550 रुपये में मिलता रहा, जबकि उसकी वास्तविक कीमत 1100 रुपये से अधिक थी।सरकार ने 40,000 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी देकर यह राहत सुनिश्चित की ताकि आम लोगों पर महंगाई का बोझ न बढ़े। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ नया आयात करार देश में विश्वसनीय और किफायती ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

खेल, व्यापार एवं मनोरंजन

अमेज़न इंडिया ने सरकारी विभागों के साथ साझेदारी

नई दिल्ली। अमेज़न इंडिया ने आज भारत में पारंपरिक कारीगरों, महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों, उभरते स्टार्टअप और भारत के लॉजिस्टिक्स परितंत्र में अनुसंधान आधारित नवोन्मेष का समर्थन करने के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित कई संस्थानों के साथ गठजोड़ की घोषणा की। कंपनी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमओएमएसएमई), उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग और रेल मंत्रालय के तहत आने वाले गति शक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी) के साथ हुई इन साझेदारियों के ज़रिये बाज़ार पहुंच के विस्तार, क्षमता निर्माण और भारत की आर्थिक प्राथमिकताओं में सार्थक योगदान देना चाहती है। अमेज़न इंडिया के कंट्री मैनेजर, समीर कुमार ने इन साझेदारियों के संबंध में कहा, "हम कारीगरों, उद्यमियों और निरंतर विकसित हो रहे लॉजिस्टिक्स परितंत्र का समर्थन करने के लिए भारत सरकार के इन संस्थानों के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ये गठजोड़, देश भर के लोगों और व्यवसायों के लिए पहुंच और अवसरों का विस्तार करते हुए भारत के दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों में योगदान करने के अवसर पैदा करेंगे।"अमेज़न, भारत के परिवहन और लॉजिस्टिक्स के लिए समर्पित पहले विश्वविद्यालय, गति शक्ति विश्वविद्यालय के साथ अनुसंधान और इस क्षेत्र की क्षमता बढ़ाने के लिए गठजोड़ कर रही है।

मेटा इंडिया ने अमन जैन को बनाया नया पब्लिक पॉलिसी हेड

नई दिल्ली(आईएएनएस)। मेटा इंडिया ने शुक्रवार को बड़ा ऐलान किया और अमन जैन को पब्लिक पॉलिसी का नया प्रमुख नियुक्त किया है। वह अपना कार्यभार अगले साल की शुरुआत में संभालेंगे और सीधे मेटा के एशिया-प्रशांत क्षेत्र के पॉलिसी के वाइस प्रेसिडेंट साइमन मिलनर को रिपोर्ट करेंगे। जैन इसके साथ ही मेटा इंडिया की लीडरशिप टीम का भी हिस्सा बनेंगे। मेटा ने एक बयान में कहा, ÷जैन अगले साल की शुरुआत में कंपनी से जुड़ेंगे और एशिया प्रशांत (एपेक) क्षेत्र के वाइस प्रेसिडेंट साइमन मिलनर को रिपोर्ट करेंगे। वह भारत की लीडरशिप टीम में भी शामिल होंगे।÷ अमन जैन को पब्लिक पॉलिसी और बिजनेस स्ट्रेटेजी में 20 साल से ज्यादा का अनुभव है।

केशव महाराज कप्तान नियुक्त किया

प्रिटोरिया(आईएएनएस)। साउथ अफ्रीका 20 लीग के चौथे सीजन से पहले प्रिटोरिया कैपिटल्स ने दिग्गज स्पिनर केशव महाराज को अपना कप्तान बनाया है। फ्रेंचाइजी ने अपने एक्स प्लेटफॉर्म पर इसकी जानकारी दी। केशव महाराज ने बतौर कप्तान प्रिटोरिया कैपिटल्स में राइली रोसो की जगह लेंगे। पिछले सीजन महाराज ने डरबन सुपर जायंट्स की कप्तानी की थी। फ्रेंचाइजी ने एक विज्ञप्ति में कहा, केशव महाराज की मौजूदगी नए सीजन में टीम में एक मजबूत संतुलन देगी। केशव महाराज का नाम दक्षिण अफ्रीका के बड़े खिलाड़ियों में शुमार है। वह तीनों फॉर्मेट खेलते हैं और राष्ट्रीय टीम की कप्तानी भी कर चुके हैं। फ्रेंचाइजी के 'एक्स' प्लेटफॉर्म पर शेयर किए गए वीडियो में केशव महाराज ने कहा, कप्तान नियुक्त किए जाने पर मैं प्रिटोरिया कैपिटल्स को धन्यवाद देता हूं।

धुरंधर की तारीफमें रोहित शेट्टी बोले, ये नया हिंदी सिनेमा है अब ये घुस के मारेगा



मुंबई(आईएएनएस)। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 'धुरंधर' को आमजन के साथ ही एक्टर्स का भी जमकर प्यार मिल रहा है। बॉक्स ऑफिस पर तो फिल्म धमाल मचा ही रही है। साथ ही कहानी, कास्टिंग, डायरेक्शन और गाने खूब तारीफ बटोर रहे हैं। एक्टर अल्लू अर्जुन और डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने भी फिल्म की खुलकर तारीफ की। दोनों ने इसे शानदार और नया सिनेमा बताया है। 'पुष्पा' स्टार अल्लू अर्जुन ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, ÷जस्ट धुरंधर देखी। यह एक शानदार फिल्म है, जिसमें बेहतरीन परफॉर्मेंस, शानदार टेक्निकल टीम और कमाल का साउंडट्रैक है।" अल्लू ने रणवीर सिंह को अपना भाई बताते हुए कहा कि उनकी मैग्नेटिक एनर्जी और वर्सेटिलिटी ने फिल्म में धमाल मचा दिया है। अल्लू अर्जुन ने अक्षय खन्ना की करिश्माई मौजूदगी, संजय दत्त, आर.माधवन, अर्जुन रामपाल और बाकी कलाकारों की मजबूत परफॉर्मेंस की भी तारीफ की। खास तौर पर सारा अर्जुन की प्यारी मौजूदगी का जिक्र किया। उन्होंने पूरी टीम, टेक्नीशियन्स, जियो स्टूडियोज और खासकर डायरेक्टर आदित्य धर को बधाई देते हुए दर्शकों से फिल्म देखने की अपील भी की। उन्होंने लिखा, " आदित्य धर गारू ने पूरे स्वैग के साथ कमाल कर दिया। "

निविन पॉली की फिल्म 'सर्वम माया' को सेंसर बोर्ड की हरी झंडी

चेन्नई (आईएएनएस)। मलयालम इंडस्ट्री के अभिनेता निविन पॉली की फिल्मों को लेकर दर्शकों में हमेशा एक अलग उत्साह रहा है। इस कड़ी में उनकी आने वाली फिल्म 'सर्वम माया' को लेकर काफी चर्चा है। मेकर्स ने अब एक बड़ा अपडेट जारी किया है और बताया कि फिल्म को सेंसर बोर्ड से 'यू' सर्टिफिकेट मिल गया है। इसके साथ ही मेकर्स ने रिलीज डेट से भी पर्दा उठाया। दर्शक इस फिल्म को क्रिसमस के मौके पर देख सकेंगे। फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने 'यू' सर्टिफिकेट के साथ मंजूरी दे दी है। 'यू' सर्टिफिकेट का मतलब है कि फिल्म में कोई ऐसा सीन या डायलॉग नहीं है, जो बच्चों या परिवारों के लिए गलत हो। यह फिल्म पारिवारिक मनोरंजन पेश करती है। निर्देशक अखिल सत्यन ने फिल्म में हॉरर को मजेदार अंदाज में पेश किया है।

न्यूज गैलरी

सिहस्थ 2028 के लिए मेट्रोपॉलिटन एरिया के विकास से पश्चिमी मध्य प्रदेश आकर लेगा

उज्जैन/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2028 के सिहस्थ और उज्जैन-इंदौर- देवास के सम्मिलित रूप से मेट्रोपॉलिटन एरिया के रूप में विकास से

भविष्य का पश्चिमी मध्य प्रदेश आकर ले रहा है। क्षेत्र में रोड नेटवर्क और औद्योगिक गतिविधियों का तेजी से विकास और विस्तार हो रहा है । क्षेत्र की गतिशीलता को सुनिश्चित करने में मोबिलिटी सेंटर और नई तकनीक का महत्वपूर्ण योगदान होगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि श्री गायत्री मोबिलिटी सेंटर गुणवत्ता और सेवा भाव के साथ क्षेत्र की प्रगति में योगदान देगा।

सीएम यादव ने एफ.आई.एच. हॉकी पुरुष जूनियर्स विश्व

उज्जैन/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एफ .आई. एच. हॉकी पुरुष जूनियर्स विश्व कप-2025 में भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम को कांस्य पदक जीतकर नया इतिहास रचने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह अभूतपूर्व उपलब्धि युवाओं को समर्पण, अनुशासन और निरंतर प्रयास के साथ अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा देने वाली है।

सीएम यादव ने राष्ट्र कवि मैथिली शरण गुप्त की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी

उज्जैन/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पद्मभूषण से विभूषित राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजागृति के साथ राष्ट्रीय नैतिक चेतना से अनुप्राणित उनकी कृतियों में तत्कालीन समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता भी है। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की साहित्यिक रचनाएं देश की अमूल्य धरोहर हैं।

स्टाम्प विकेताओं द्वारा स्टाम्प निर्धारित मूल्य से अधिक पर बेचने पर होगी कार्यवाही

उज्जैन/नवप्रदेश। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने जानकारी दी कि स्टाम्प विकेताओं द्वारा स्टाम्प निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर बेचने पर भारतीय मुद्रांक अधिनियम, 1899 तथा मध्यप्रदेश स्टाम्प रूल्स, 1942 के विपरीत तथा पंजीयक मुद्रांक द्वारा निर्धारित शर्तों का उल्लंघन है। स्टाम्प विक्रेताओं को स्टाम्प पर दर्शित मूल्य पर स्टाम्प विकय करने के निर्देश हैं। नियमों का उल्लघंन करने पर स्टाम्प विक्रेताओं को 6 माह तक का कारावास या 500 रू. तक जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है और लाइसेंस को निरस्त भी किया जा सकता है। स्टाम्प के अधिक मूल्य पर बेचने सम्बन्धी किसी गतिविधि के बारे में वरिष्ठ कोषालय अधिकारी / पंजीयन मुद्रांक को सूचना दी जा सकती है।

मोबिलिटी और नई तकनीक क्षेत्रीय विकास के लिए आवश्यक : सीएम यादव

मुख्यमंत्री ने उज्जैन के ग्राम नलवा में मोबिलिटी स्टेशन का भोपाल से वर्चुअली किया शुभारंभ

उज्जैन/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन के ग्राम नलवा स्थित श्री गायत्री पेट्रोलियम - मोबिलिटी स्टेशन का मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली शुभारंभ किया। उन्होंने

प्रतिष्ठान के संचालक श्री गोविंद सिंह आंजना को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष-2028 के सिहंस्थ और उज्जैन-इंदौर-देवास के सम्मिलित रूप से मेट्रोपॉलिटन एरिया के रूप में विकास से भविष्य का पश्चिमी मध्य प्रदेश आकर ले रहा है। क्षेत्र में रोड नेटवर्क और औद्योगिक गतिविधियों का तेजी से विकास और विस्तार हो रहा है। क्षेत्र की गतिशीलता को सुनिश्चित करने में फ्यूल और मोबिलिटी तथा नई तकनीक का महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री गायत्री मोबिलिटी स्टेशन, गुणवत्ता और सेवा भाव के साथ क्षेत्र की प्रगति में योगदान देगा। ग्राम नलवा में हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित थे।

डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने से उज्जैन बनेगा महानगर -डॉ. हरीशकुमार सिंह

डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्रित्व काल के दो वर्ष

उज्जैन/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश के उन्नीसवें मुख्यमंत्री के रूप में डॉ. मोहन यादव अपने कार्यकाल का दूसरा सफल वर्ष 13 दिसम्बर को पूर्ण कर रहे हैं। महाकाल की नगरी उज्जैन में विकास के कार्य अभी तक सिंहस्थ के समय ही होते थे और सिंहस्थ शुरू होने तक भी विकास के कार्य अधूरे प? रहते थे या चलते रहते थे। उज्जैन दक्षिण के विधायक के रूप में डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद से, अपने शहर उज्जैन को पिछले दो वर्षों में जितनी विकास की सौगातें मुख्यमंत्री ने दीं उतनी आज तक कभी शहर को नहीं मिल पाई। मुख्यमंत्री के संकल्प के कारण अब उज्जैन महानगर भी बनने जा रहा है और इंदौर, उज्जैन, देवास, धार में इन शहरों के विकास और नियोजन के लिए नया आधारभूत ढांचा विकसित किया जा रहा है जिसके तहत उज्जैन आने वाली सभी स?कें फोर और सिक्स लेन होंगी तथा शिक्षा, आवास, यातयात, उद्द्योग, स्मार्ट सिटी, विक्रम उद्दयोगपुरी में नये उद्योग, हवाई अड्डा, मेडिसिटी जैसे विकास

के कार्य आरम्भ हो गये हैं। 1980 के सिंहस्थ से ही यह संयोग बना है कि जब जब उज्जैन में प्रति बारह वर्ष में सिंहस्थ का आयोजन हुआ है प्रदेश में भाजपा सरकार की देखरेख में ही सिंहस्थ भव्यता से संपन्न होता आया है। ऐसे में सिंहस्थ के आयोजन के समय उज्जैन से राज्य सरकार में मंत्री, कई स्थानीय जनप्रतिनिधि रहे पर पहली बार उज्जैन का जनप्रतिनिधि प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में उज्जैन में सिंहस्थ के आयोजन का साक्षी बनेगा और ऐसे में उज्जैन को सिंहस्थ के नाम पर श्रद्धालुओं, दर्शनार्थियों और शहरवासियों के लिए उज्जैन को सैक?ों सौगातें और हजारों करो? के विकास कार्य मिले और मिल रहे हैं जिससे महाकाल की नगरी आगामी 2028 के सिंहस्थ के लिए देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत भव्य रूप से करती नजर आएगी। कान्हा क्लोस डक्ट, सेवरखेडी, सिलारखेडी, हरियाखेडी एकीकृत परियोजनाओं से शिप्रा को स्वच्छ, अविरल और प्रवाहमान बनाया जा रहा है। सिंहस्थ में स्नान के लिए तीस किमी तक के नये घाट बनाए जा रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री जी आगामी सिंहस्थ के लिए अपनी जो महत्वाकांक्षी लैंडपुलिंग योजना लेकर आये थे वह अब किसानों से बनी सहमति के बाद वापस ले ली गई है और यह निर्णय बताता है कि मुख्यमंत्री ने किसानों की मांग मानने में तनिक देर नहीं की जबकी पिछले सिंहस्थ में आई आंधी -बारिश से कई तम्बू उख? गये थे और कीचड से भारी परेशानी हुई थी और संतों ने पक्की सडकें आदि न होने पर नाराजगी व्यक्त की थी। पक्के निर्माण होने से संतों को ही राहत मिलती मगर बिना देर किये प्रदेश शासन ने इस योजना को वापस लिया जो किसान हित में एक संवेदनशील मुखिया ही कर सकता था। उज्जैन ही नहीं विकसित मध्यप्रदेश के लिए प्रदेश में निवेश के लिए मुख्यमंत्रीजी द्वारा यूके, जर्मनी, जापान के साथ भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट, पुणे, गौहाटी, रीवा, कोलकाता में निवेश के लिए लगातार बैठकें और समीक्षा, प्रदेश की गौशालाओं की स्थिति में सुधार के लिए दौरे और अनुदान, प्रदेश में सिंचाई परियोजनाओं के लिए नवीन कार्य, विक्रमोत्सव में राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन जैसे नवाचार, लोक स्वास्थ्य के अंतर्गत आयुष - आयुर्वेद को ब?ावा, जल गंगा संवर्धन अभियान में जल के नवीन श्रोतों की खोज और पुनरुद्धार, सोलर परियोजनाओं में ब?ोतरी, समूहिक विवाह को प्रोत्साहन, रीजनल टूरिज्म, स्वास्थ्य सेवाओं में आधुनिकता, नवीन उद्योगों का सृजन, युवाओं को नवीन सरकारी नौकरियों की दिशा में कार्यान्वयन और आने वाले समय में ढाई लाख भर्तियों की योजना, स्वरोजगार के लिए बेरोजगारों को ऋण और स्टाइपेंड, पुलिस भर्ती बोर्ड का गठन, सिंहस्थ के लिए पांच हजार होमगार्ड की नई भर्ती, मोदी जी की तर्ज पर चीता प्रोजेक्ट और नई नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान करना, नए मेडिकल कॉलेज के लिए सघन प्रयास और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को देश में

बाबा महाकाल और सोमनाथ का 14 दिसंबर को होगा दिव्य मिलन

बैंगलुरु से आएंगे दिव्य शिवलिंग, आम आदमी भी दर्शन कर सकेगा

उज्जैन/नवप्रदेश। श्री महाकालेश्वर मंदिर में रविवार 14 दिसंबर को बाबा महाकाल और भगवान सोमनाथ का दिव्य मिलन होगा। आर्ट ऑफ लिविंग मुख्यालय बैंगलुरु में सोमनाथ के पुरातत्विक अवशेष से तैयार 11 शिवलिंगों में से 2 को श्री महाकालेश्वर मंदिर में लाया जाएगा। आर्ट ऑफ लिविंग के यात्रा कन्वीनर दर्शक हाती ने बताया कि त्रिवेणी द्वार से सुबह 9.30 बजे दिव्य शिवलिंगों की शोभायात्रा शुरू होगी। करीब एक किलोमीटर का सफर तय कर यह यात्रा श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचेगी। यहां गर्भगृह में सुबह 11 बजे बाबा महाकाल और सोमनाथ शिवलिंग के मिलन और पूजन की प्रक्रिया होगी। पंचोपचार पूजन के बाद इन शिवलिंगों को जूना महाकाल के पास दर्शन के लिए रखा जाएगा। इस दौरान प्रदेश के संस्कृति मंत्री धर्मेंद्रसिंह लोधी खासतौर पर उपस्थित रहेंगे।

19 को ओंकारेश्वर जाएंगे शिवलिंग

उज्जैन से यात्रा इंदौर जाएंगी और 14 दिसंबर की शाम यहां गांधी हॉल में रुद्रपूजा होगी। 17 दिसंबर को यात्रा महू जाएगी और चक्की वाले महादेव मंदिर में सार्वजनिक पूजन होगा। 19 दिसंबर को शिवलिंगों का ओंकारेश्वर में भगवान ओंकार के साथ मिलन होगा। यात्रा यहां से आलीराजपुर, बुरहानपुर, भोपाल, बैतूल होते हुए जबलपुर जाएगी।

क्यों हैं दिव्य शिवलिंग

आर्ट ऑफ लिविंग की मोनल पटेल ने बताया कि बैंगलुरु से आने वाले यह शिवलिंग इस मायने में दिव्य हैं क्योंकि यह सोमनाथ ज्योर्तिलिंग के अवशेष से बने हैं। चुंबकीय प्रभाव के कारण जमीन से ऊपर रहने वाले इस ज्योर्तिलिंग को सन 1026 में महमूद गजनवी से नष्ट कर दिया था। शिवलिंग के टूटे अवशेषों को अग्निहोत्री ब्राह्मणों ने अपने पास सुरक्षित रख लिया था। इनकी संख्या 11 थीं। इन अवशेष को उन्होंने 1924 में कांची कामकोटि के तत्कालीन शंकराचार्य को सौंपा था। तब शंकराचार्य जी ने उनसे कहा था कि 100 साल बाद इन अवशेषों को बैंगलुरु में आश्रम स्थापित करने वाले वाले शंकर को सौंप देना। उनकी आज्ञा का पालन करते हुए पुरोहित सीताराम शास्त्री ने इन अवशेषों को आर्ट ऑफ लिविंग के श्री श्री रविशंकर को सौंपा था। इन अवशेष से ही 11 शिवलिंग तैयार किए गए हैं। इनमें से 2 उज्जैन आ रहे हैं।

केन्द्रीय जेल उज्जैन में नेत्रों की जांच एवं चश्में वितरित

उज्जैन/नवप्रदेश। केन्द्रीय जेल अधीक्षक श्री मनोज कुमार साहू द्वारा बताया गया कि गत दिवस संस्था सर्व धर्म कौमी एकता समिति द्वारा जाँच एवं परीक्षण में चिकित्सक परामर्श अनुसार परिरूद्ध / निरूद्ध बंदियों को नम्बर के चश्में वितरण किये गए। संस्था द्वारा 14 पुरूष 01 महिला कुल 15 बंदियों को निःशुल्क नम्बर के चश्में वितरित किये गए। समिति अध्यक्ष श्री फहीम सिकन्दर द्वारा जेल अधीक्षक श्री मनोज कुमार साहू का साफा बांधकर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया एवं जेल प्रशासन द्वारा चलाई जा रही सुधारात्मक गतिविधियों की प्रशंसा व्यक्त कर भविष्य में जरूरतमंद बंदियों के लिए सदैव निःशुल्क चश्में प्रदाय करने की बात कही।

इस अवसर पर श्री जसमनसिंह डावर उप अधीक्षक (प्रशासन), श्री सुरेश गोयल (सहा अधीक्षक), श्री प्रवीण कुमार मालवीय (सहा अधीक्षक) एवं बड़ी संख्या में बंदियों सहित जेल स्टाफ उपस्थित रहा।

म.प्र. स्काई-डाइविंग फेस्टिवल का शुभारंभ किया गया

म.प्र. स्काई-डाइविंग फेस्टिवल का आयोजन 15 फरवरी 2026 तक सुबह 08 से शाम 05 बजे तक दताना एयरस्ट्रिप उज्जैन में किया जाएगा

उज्जैन/नवप्रदेश। म.प्र. स्काई-डाइविंग फेस्टिवल (पांचवें संस्करण) उज्जैन का शुभारंभ शुक्रवार प्रातः 11 बजे हर्षोल्लास से किया गया।शुभारंभ अवसर पर विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा,अपर प्रबंध संचालक मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड श्री अभय अरविंद बेडेकर, एडीएम श्री अत्येंद्र सिंह गुर्जर,सयुक्त संचालक (एडवेंचर) मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव,श्री संजय अग्रवाल आदि जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देने एवं पर्यटन गतिविधियों में विविधता लाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड स्काई डाइविंग गतिविधि का आयोजन कर रहा है। इस वर्ष उज्जैन में पर्यटक 10,000 फीट की ऊंचाई से छलांग लगाकर श्री महाकाल की अवंतिका नगरी को नए और रोमांचकारी दृष्टिकोण से देखने का अवसर प्राप्त करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश को प्रमुख पर्यटन गंतव्य बनाने के लिए विभिन्न आयोजन एवं गतिविधियों संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में मध्यप्रदेश को एडवेंचर टूरिज्म का हब बनाने के उद्देश्य से उज्जैन में स्काई-डाइविंग के पाँचवे संस्करण का आयोजन 15 फरवरी 2026 तक दत्ताना एयरस्ट्रिप पर किया जाएगा।

उज्जैन में गांधी शिल्प बाजार का भव्य शुभारंभ, देशभर के हस्तशिल्पी एक मंच पर

उज्जैन/नवप्रदेश। बाबा महाकाल की पावन नगरी में गांधी शिल्प बाजार (राज्य) का भव्य शुभारंभ विधिवत रूप से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती कलावती यादव, सभापति, नगर निगम उज्जैन उपस्थित रहीं।

विशेष अतिथि के रूप में अनामिका चतुर्वेदी, मुख्य कार्यक्रम अधिकारी, आकाशवाणी, सूचना एवं प्रसार मंत्रालय, भारत सरकार; श्री आर. नायर, प्रशासनिक अधिकारी, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय; श्री अनिल कुमार बिन्द, कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय; डॉ. प्रवीण जोशी, आनंद मंत्रालय, मध्यप्रदेश सरकार तथा समाज सेविका प्रियंका सेंगर सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

अतिथियों ने भगवान श्री गणपति की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वेणुनाद निनाद नृत्य संस्थान, उज्जैन की छात्राओं ने मनमोहक कत्थक नृत्य प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

श्रीमती चित्रा मेहता, श्रीमती सुशीला परमार, ममता सांगते, प्रकाश शर्मा, आशिष मेहता एवं तृप्ति अल्हाटे द्वारा अतिथियों का शॉल एवं गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया।

मेला समन्वयक रीना वर्मा ने बताया कि यह मेला विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित एवं शताब्दी क्राफ्ट एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित किया गया है। मेले में हिमाचल प्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तेलंगाना, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, हरियाणा, मध्यप्रदेश, दिल्ली और कश्मीर के हस्तशिल्पी अपनी विशेष कलाकृतियों के साथ भाग ले रहे हैं।

उज्जैन के स्थानीय कारीगरों के स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। बच्चों के मनोरंजन हेतु आकर्षक झूले लगाए गए हैं। साथ ही प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय कला एवं संस्कृति को बढ़ावा दिया जाएगा।

7 दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण की पूर्णाहुति

सातों दिवस हिरदेश्वर महादेव मंदिर परिसर पर किया कन्या पूजन, कन्या भोज

अंतिम दिन कथा में किया कृष्ण सुदामा चरित्र का वर्णन, कृष्ण रुक्मणी का हुआ विवाह

उज्जैन/नवप्रदेश। पंचकोशी यात्रा के प्रथम व अंतिम पड़ाव स्थल पर हीरा मिल परिसर जीरो पॉइंट ब्रिज के पास अति प्राचीन श्री हिरदेश्वर महादेव मंदिर पर चल रही 7 दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण की पूर्णाहुति महाप्रसादी भंडारे के साथ हुई। बाल संत श्री केशव महाराज नर्मदा पुरम के मुखारविंद से भक्तों ने आनंदपूर्वक भागवतजी सुनी। सातों दिवस कन्या पूजन कर कन्या भोज हिरदेश्वर महादेव मंदिर परिसर पर कराया गया। सभी भक्तों ने तन मन धन से भक्ति के साथ सातवें दिन महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया।

समाजसेवी अजीत मंगलम ने बताया कि युवा मंच सत्संग समिति एवं श्री

हिरदेश्वर कल्याण सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में अंतिम दिवस महाराज ने कृष्ण सुदामा चरित्र का वर्णन किया। कथा के माध्यम से कृष्ण रुक्मणी का विवाह उल्लास उमंग के साथ संपन्न हुआ। 7 दिनों तक कथा में मंच अध्यक्ष मनोहर परमार, उपाध्यक्ष महेश सोनोने, सचिव विजय तिवारी, सहसचिव पारस कुमार जैन, मंदिर पुजारी मंच कोषाध्यक्ष पंडित संतोष शर्मा, कार्यालय प्रभारी धर्मेंद्र जैन, अशोक कपूर, मंच के वरिष्ठजन बाबूलाल मारोठिया, लीलाधर आड़तिया, शिवनारायण जागीरदार, महेंद्र रामी, ओम आरोड़, महेश शर्मा, दीपक राव, गणपत राणा, किशोर भाटी सहित महिला मंच की वरिष्ठ पदाधिकारी संयोजक गीताबेन रामी, अध्यक्ष पिंकी यादव, सचिव लक्ष्मी लश्करी, योगिता, निशा, नीता राठौर, सुनीता सोनाने, राजू बागरवाल, सविता शर्मा, कविता राय, सविता कपूर, रेखा भंवर आदि ने सेवाएं दी। इस अवसर पर विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ अशोक शर्मा, डॉ. आनंदीलाल कारपेंटर, बंसीलाल शर्मा, रामप्रसाद विश्वकर्मा समाज अध्यक्ष उपस्थित रहे। अजीत मंगलम ने बताया कि संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में बाल संत केशवजी महाराज नर्मदा पुरम के मुखारविंद से अमृत वर्षा का सभी भक्ति रस का रसपान किया। सातों दिवस नगर के गणमान्यजनों द्वारा आरती एवं पूजा अर्चना की। भक्तों ने खूब आनंद लिया, दर्शन और आरती का लाभ उठाया। मंच के पदाधिकारियों का कथा में सहयोग प्राप्त हुआ। सभी अतिथि एवं दानदाता भक्तों का आभार मंच संस्थापक गोपाल बागरवाल ने माना।

स्वत्वाधिकारी,प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लाट नं. 03 नेशनल प्रेस एरिया लिंक रोड नं. 3 से मुद्रित कर ई -2/237 अरेरा कॉलोनी भोपाल से प्रकाशित मो. 9425237314 Email- navpradeshbhopal@gmail.com (न्याय क्षेत्र भोपाल)